नव प्रदेश

www.navpradesh.com

रायपुर, रविवार 18 जुलाई 2021, शुक्ल पक्ष-अष्टमी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-10 अंक-158 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए

रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

राकांपा सुप्रीमो शरद पवार चाहे पावर में हो या न हो लेकिन खबरों में बने रहने का हुनर जानते है। हवा का रूख देखकर पाला बदलने की कलाबाजी भी उन्हे आती है। महाराष्ट्र की महाअघाड़ी सरकार कागज की नांव की तरह है जिसका देर तक और दूर तक सफर करना मुश्किल है। यह बात शरद पवार से बेहतर और कौन जान सकता है? शिवसेना नेताओं की भाजपा नेताओं से बढ़ती नजदीकियों को देखकर शरद पवार ने भी पीएम मोदी से एक घंटे तक चर्चा कर के अटकलों का बाजार गर्म कर दिया है। देखना दिलचस्प होगा कि बिन पेंदी का लोटा किधर लुढ़कता है?

दोस्तों को घुमाने ले गए नायब तहसीलदार सहित तीन की सड़क हादसे में मौत

नवप्रदेश संवाददाता

बोड़ला। विकासखंड तहसील क्षेत्र के चिल्फी थाना अंतर्गत रायपुर जबलपुर एनएच 30 पर ग्राम पाग वाही के पास ट्रक व बोलेरो में हुई जबरदस्त टक्कर से नायब तहसीलदार सतीश कृषान व उनके दो दोस्तों सहित तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई वही एक युवक घायल हो गया जिसका इलाज जिला चिकित्सालय में चल रहा है ।

दोस्तों को घुमाने ले गए थे चिल्फीघाटी

घटना के विषय में मिली जानकारी के अनुसार तहसीलदार सतीश कृशान जो कि भिलाई के रहने वाले हैं उनके चार दोस्त उड़ीसा संबलपुर से कार से घूमने आए हुए थे। रात में खाना खाकर दो दोस्तों को उन्होंने बोड़ला के रेस्ट हाउस में छोड़ दो दोस्तों को कॉलोनी स्थित अपने मकान में ले आए थे ।सवेरे साथ के दो दोस्तों को लेकर 4:05 बजे के आसपास वे अपने साथ देवाशीष मिश्रा व राधाकांत बढ़ई को चिल्फी घाटी दिखाने बोलेरो क्रमांक सी जी02जी 6666 से ले गए थे ।उसी दौरान आबकारी बैरियर में चाय भी पीए और साथ में आबकारी बैरियर के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी चंदन झारिया को भी धवईपानी बॉर्डर की ओर ले गए वहां से वापस आते समय सवेरे 7:30 बजे से 8:00 के बीच पागवाही के पास ट्रक क्रमांक आर जे11 जी बी 2212से उनकी बोलेरो सीधे भिड़ गई जिससे उनकी व दो साथियों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। नायब तहसीलदार व चंदन झारिया को इलाज के लिए लाते समय तहसीलदार सतीश कृशान की रास्ते में ही मौत हो गई।

तहसील के बड़े अधिकारी रहे उपस्थित

घटना के बाद इलाज की व्यवस्था को लेकर तहसील के समस्त अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहले से तैयारी करके व्यवस्था में लगे हुए थे जिनमें पुलिस अनुविभाग के नए व अनुभवी अधिकारी जगदीश उइके, तहसीलदार मनोज रावटे, अमन चतुर्वेदी ,टी आई एस आर सोनी ,बीएमओ डॉ योगेश साहू सभी आपातकाल व्यवस्था की तैयारी किए हुए थे ,लेकिन इलाज के लिए लाते समय रास्ते में ही तहसीलदार सतीश कृशान ने दम तोड़ दिया।पुलिस ने शवों को पी एम हेतु मर्चुरी भेज परिजनों को सूचना दे दी है।

साइड लेने के दौरान हुआ हादसा

हादसा के विषय में संभावना व्यक्त की जा रही है कि मोड में साइड लेने के दौरान सामने से आ रही ट्रक से बोलेरो सीधे टकरा गई ।ट्रक की टक्कर से बोलेरो सड़क के दूसरी ओर चट्टान से टकराकर पलट गई थी। चिल्फी थाना के टीआई रमाकांत तिवारी ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल घटनास्थल पर पहुंच स उ नि गोविंद चंद्रवंशी, बीरबल यादव, राकेश साहू, राजेश लांझी, तरुण पटेल ,उमाशंकर नाग,राजा राजपूत, संजय यादव, सहित स्टाफ के अन्य लोगों के अलावा स्थानीय की मदद से बोलेरो को सीधा कर बड़ी मुश्किल से उन्हें निकाला गया।

कोरोना पॉजिटिव मरीजों में बढ़ रहे टीबी के मामले

MoHFW ने सभी कोरोना मरीजों के लिए टीबी की जांच की सिफारिश

नई दिल्ली (ए.)। देश में कोरोना के मामलों में खासी कमी आई है लेकिन इससे संक्रमित लोगों को कई तरह की अन्य मेडिकल समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है. कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के जरिए यह बताया गया कि हाल ही में कोरोना (से संक्रमित मरीजों में तपेदिक (टीबी) के मामलों में अचानक वृद्धि देखी गई है, जिससे रोजाना करीब दर्जनभर इसी तरह के मामले सामने आने से डॉक्टर भी चिंतित हैं.

यह स्पष्ट है कि स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (MoHFW) द्वारा सभी कोरोना संक्रमित मरीजों के लिए टीबी की जांच और सभी डायग्नोस्ड किए गए टीबी मरीजों के लिए कोविड जांच की सिफारिश की गई है. राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कहा गया है कि वे अगस्त 2020 तक बेहतर निगरानी और टीबी तथा कोविड-19 के मामलों का पता लगाने के प्रयासों में एकरूपता लाएं। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कोरोना की रिकवरी दर बढ़कर 97.31 फीसदी हुई

नयी दिल्ली(वार्ता)। देश में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना वायरस (कोविड-19) के 38,079 नये मामले सामने आये हैं और इस संक्रमण से स्वस्थ होने वाले लोगों की संख्या अधिक रहने से रिकवरी दर बढ़कर 97.31 फीसदी हो गई है। इस बीच शुक्रवार को 42 लाख 12 हजार 557 लोगों को कोरोना के टीके लगाये गये। देश में अब तक 39 करोड़ 96 लाख 95 हजार 879 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शनिवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों में कोरोना के 38,079 नये मामले ■ शेष पृष्ठ 6 पर

लोकसभा अध्यक्ष के घर केंद्रीय मंत्रियों का जमावड़ा

मानसून सत्र से पहले मिले 6 मंत्री

नई दिल्ली। संसद का मानसून सत्र शुरू होने से पहले केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने शनिवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के घर जाकर उनसे भेंट की है। उनके साथ संसदीय कार्य राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल और वी मुरलीधरन भी थे। बिरला और मंत्रियों के बीच सोमवार से प्रारंभ हो रहे मानसून सत्र को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी लोकसभा अध्यक्ष से उनके घर जाकर उनसे भेंट की है।

एनटीपीसी कोरबा ने विद्युत उत्पादन में मारी बाजी देश में मिला प्रथम स्थान

कोरबा/नवप्रदेश। अप्रैल से जून 2021 की प्रथम तिमाही के दौरान पश्चिमी क्षेत्र - 2 के अंतर्गत एनटीपीसी कोरबा ने 97.61 प्रतिशत संयंत्र लोड फैक्टर (पीएलएफ) के साथ देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिसके बाद उपलब्धियों के रिकॉर्ड में एक ओर उपलब्धि जुड़ गई है। भारतीय केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) ने ये रिपोर्ट जारी किया है।

प्रथम तिमाही के दौरान, एनटीपीसी कोरबा ने 97.61 प्रतिशत संयंत्र लोड फैक्टर(पीएलएफ) के साथ 5542.629 मिलियन यूनिट का उत्पादन किया जो कि पिछले वर्ष की इसी तिमाही में उत्पादित 5480.808 मिलियन यूनिट से 1.12 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। 38 वर्षों के परिचालन के बाद, यह उपलब्धि प्राप्त करना, एनटीपीसी के बेहतर परिचालन एवं अनुरक्षण प्रथाओं का प्रमाण है, जो कि राष्ट्र निर्माण के लिए निरंतर बिजली आपूर्ति ■ शेष पृष्ठ 6 पर

खास-खबर

सोनिया गांधी रविवार को कांग्रेस के लोकसभा सांसदों के साथ बैठक करेंगी

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी रविवार शाम को कांग्रेस के लोकसभा सांसदों के साथ बैठक करेंगी। खबरों के मुताबिक यह बैठक रविवार शाम को छह बजे होगी। मानसून सत्र के एक दिन पहले कांग्रेस सांसदों की इस बैठक को अहम माना जा रहा है। कांग्रेस मानसून सत्र में महंगाई, कोरोना महामारी जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरने की रणनीति को धार देने में जुटी है। इस बैठक को इसी कवायद का हिस्सा माना जा रहा है।

महिलाओं से बदसलूकी की आयोग को दूंगी जानकारी : प्रियंका

नयी दिल्ली (वार्ता) । कांग्रेस की उत्तर प्रदेश की प्रभारी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को कहा है कि उत्तर प्रदेश में पंचायत चुनाव के दौरान हुई हिंसा और महिलाओं के साथ बदसलूकी के बारे में पत्र लिखकर वह राज्य के चुनाव आयोग को इसकी सूचना देंगी।

निलंबित आईपीएस जीपी सिंह के खिलाफ 3 और मामलों में शिकायत

- विशेष डीजी व आईजी को जांच की जिम्मेदारी

रायपुर/नवप्रदेश। निलंबित आईपीएस जीपीसी की मुश्किलें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। आय से अधिक संपत्ति और राजद्रोह मामले के बाद अब तीन और मामलों में जीपी सिंह के खिलाफ जांच के आदेश दिए गए हैं।

अलग-अलग मामलों में होगी जांच

ईओडब्ल्यू जांच के अलावा अब जीपी सिंह की कुछ पुरानी फाइलें भी खोली गई हैं। राजधानी के देवेंद्र नगर निवासी दुर्लभ कुमार अग्रवाल ने करीब 9 साल पहले के मामले में मुख्यमंत्री, डीजीपी और एनएचआरसी से शिकायत की है कि तत्कालीन आईजी जीपी सिंह ने उनके मामले में बिना जांच के मीडिया में बयान दिया था जो गलत था। इस मामले में जांच के लिए विशेष डीजी अशोक जुनेजा को जांच अधिकारी बनाया गया है।

एसीबी ने एक जुलाई को निलंबित एडीजी जीपी सिंह के 15 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस जांच के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

'दोनों नदी के दो छोर', पीएम मोदी से शरद पवार की मुलाकात पर एनसीपी की सफाई

- पीएम आवास पर हुई यह बैठक करीब 50 मिनट चली है

मुंबई। एनसीपी प्रमुख शरद पवार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच रविवार को एक बैठक हुई। पीएम आवास पर हुई यह बैठक करीब 50 मिनट चली है। इस मुलाकात के बाद सियासी अटकलों का बाजार गर्म हो गया है। हालांकि, एनसीपी ने इन अटकलों को विराम देते हुए कहा है कि इसकी जानकारी कांग्रेस और मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को पहले से थी। इस बैठक पर एनसीपी नेता और महाराष्ट्र सरकार में मंत्री नवाब मलिक ने कहा, 'संघ का राष्ट्रवाद और एनसीपी का राष्ट्रवाद अलग है। दोनों नदी के दो छोर हैं जो कभी नहीं मिल सकते।'

उन्होंने बताया, 'बैंकिंग रेगुलेटरी कानून बदलने से सहकारिता क्षेत्र को नुकसान हुआ है। ऐसा शरद पवार का मानना है। उसी संदर्भ ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भाजपा कार्यसमिति की बैठक, डी. पुरंदेश्वरी ने दिया जीत का मंत्र

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेता प्रदेश स्तर के नेताओं की क्लास लिया है। पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकश, राष्ट्रीय महामंत्री और छत्तीसगढ़ प्रभारी डी. पुरंदेश्वरी, सह प्रभारी नितिन नबीन शनिवार को रायपुर पहुंचे। एयरपोर्ट पर पार्टी नेताओं जोरदार स्वागत किया। इसके बाद सभी माना स्थित भाजपा के प्रदेश कार्यालय पहुंचे हैं। ये तीनों बड़े नेता प्रदेश के हर ईकाई के प्रमुखों से सीधे बात कर रहे हैं। 2023 को होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी से लेकर आगे आने वाले दिनों में किस तरह से सरकार को राजनीतिक मुद्दों पर घेरें इसकी रणनीति भी बन रही है।

5 सेट में तैयार प्रेजेंटेशन के साथ नेताओं से करेंगे बात

बड़े पदाधिकारियों की इस बैठकों में फर्श से लेकर अर्श तक सभी नेता-कार्यकर्ताओं ने अपना लेखा-जोखा पेश किया। तीनों बड़े नेताओं ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कलह — खत्म हुआ पंजाब कांग्रेस का संकट! यह होगा सुलह का फॉर्मूला

कैप्टन बोले- हाई कमान का फैसला हमें मंजूर

- पंजाब में कांग्रेस की अंदरूनी कलह दूर करने के लिए हाईकमान ने निकाला फॉर्मूला
- सूत्रों के हवाले से- नवजोत सिंह सिद्धू बनेंगे पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष

नई दिल्ली/चंडीगढ़। पंजाब में कांग्रेस का संकट जल्द खत्म हो सकता है। पार्टी आलाकमान ने सुलह का फार्मूला फाइनल कर लिया है। न्यूज एजेंसी एएनआई से 10 जनपथ के करीबी सूत्रों के हवाले से बताया है कि आज ही सुलह के फॉर्म्युले का ऐलान भी हो सकता है। शुक्रवार से ही कांग्रेस में दिल्ली से लेकर चंडीगढ़ तक जबरदस्त सियासी हलचल देखने को मिल रही है। दिल्ली से लौटने के बाद नवजोत सिंह सिद्धू पंजाब कांग्रेस के नेताओं और विधायकों से ताबड़तोड़ मीटिंग करने में मशगूल हैं।

यह है सुलह का फार्मूला

एएनआई ने कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी के करीबी सूत्रों के हवाले से जो सुलह का फॉर्म्युला बताया है उसके मुताबिक, मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह के खिलाफ मोर्चा खोलने वाले नवजोत सिंह सिद्धू को पंजाब कांग्रेस का प्रमुख बनाया जाएगा। वहीं, अमरिंदर को संतुष्ट करने के लिए सिद्धू के साथ 4 कार्यकारी अध्यक्ष भी बनाए जाएंगे।

दिल्ली से लौटते ही ऐक्शन में सिद्धू, ताबड़तोड़ मुलाकातें

नवजोत सिंह सिद्धू एक दिन पहले ही दिल्ली में कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात की थी। इस मुलाकात के बाद से ही उन्हें पंजाब में कांग्रेस का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने की अटकलें तेज हो गई थीं। दिल्ली से लौटने के बाद सिद्धू शनिवार को खूब ऐक्टिव दिखें। उन्होंने पंचकूला में प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ से मुलाकात की जो आधे घंटे से ज्यादा वक्त तक चली। मुलाकात के बाद उन्होंने कहा कि वह अपने बड़े भाई का मार्गदर्शन लेने आए थे।

न्यूज गैलरी

पुनरीक्षण हेतु वाजपेयी प्रेक्षक नियुक्त

दुर्ग। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अनिल वालपेयी अपर कलेक्टर बालोद को दुर्ग जिले के नगर पालिक निगम भिलाई.चरौदा के निर्वाचक नामावली तैयार/पुनरीक्षण हेतु नियुक्त किया गया है। श्री वाजपेयी 20 जुलाई को दोपहर 12 से अपरान्ह 1 बजे तक निगम कार्यालय में उपस्थित रहेंगे।

भिलाई चरौदा में कोरोना को लेकर एलर्ट

भिलाई.03। नगर पालिक निगम भिलाई.चरौदा क्षेत्रांतर्गत आने वाले लोगों से कहा कि जिले में कोरोना ने एक बार फिर दस्तक दे दी है। बड़ी संख्या में होटलों, पान ढेला, चौक चौराहों में बेखौफ लोग मास्क लगाना भूल गये थे। यही कारण है कि एकाएक कोविड.19 के मरीजों में फिर से बढ़ोत्तरी हो रही है जिससे जिले में हड़कम्प सा मच गया है। आयुक्त कीर्तीमान सिंह राठौर ने सभी से अपील किया है कि सार्वजनिक स्थल में जाने से बचे बहुत ही जरूरी हो तभी मास्क लगाकर घर से निकले और सेनेटाईजर का उपयोग लगातार करते रहे। बगैर मास्क पहने घर से बाहर न निकले। कोरोना काल के प्रथम एवं द्वितीय लहर से हम सब लड़ चुके हैं और ऐसी नौबत न आवे कि हमें तीसरी लहर से लड़ना पड़े। अपने आप में जागरूकता लावेए औरों को भी मास्क पहनने के लिए प्रेरित करें। निगम द्वारा अपने स्तर पर पूरी कोशिश बरत रहे हैं कि कोरोना के संक्रमण सभी बचे रहेंए लेकिन आप सभी की जागरूक होना जयादा आवश्यक है। निगम द्वारा सार्वजनिक स्थल चौक.चौराहों पर मास्क पहनने को प्रेरित कर रहे हैं।

कल से सभी जोन कार्यालय में जनदर्शन

भिलाई। निगम में महापौर, अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षदों का कार्यकाल समाप्त हो चुका है। ऐसे में जनता की समस्याओं को सुनने और उनकी समस्याओं, शिकायतों के त्वरित निराकरण करने हेतु 19 जुलाई 2021 से जनदर्शन का आयोजन किया जा रहा है। प्रत्येक सोमवार को सभी जोन कार्यालय में जनदर्शन आयोजित होगा। कलेक्टर एवं निगम प्रशासक डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे एवं निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने निगम प्रशासन और जनता से समन्वय स्थापित करने और शिकायतों के निराकरण करने के लिए जनदर्शन आयोजित करने का फैसला लिया है। अब निगम क्षेत्र अंतर्गत जोन कार्यालय जोन -01 नेहरू नगर, जोन कार्यालय जोन-2 वैशाली नगर, जोन-3 मदर टैरेसा नगर, जोन-4 शिवाजी नगर, खुर्सीपार एवं जोन-05 में प्रत्येक सोमवार को जनदर्शन लगाया जाएगा। श्री रघुवंशी ने जनदर्शन में निगम क्षेत्र के लोगों की शिकायतों का त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। समस्त जोन कार्यालय में प्रत्येक सोमवार को लगने वाले जनदर्शन का समय प्रातः 11 से 1.30 बजे तक नियत किया गया है। इस बीच निगम क्षेत्र के रहवासी अपनी शिकायतों, समस्याओं को लेकर अपने नजदीकी जोन कार्यालय पहुंच सकते हैं। जनदर्शन में प्राप्त होने वाले आवेदन की पावती आवेदक को प्रदान की जाएगी। आवेदक का नाम, पूर्ण पता एवं मोबाइल नंबर की भी प्रविष्टि रिकॉर्ड में रखी जाएगी ताकि आवश्यकता पड़ने पर आवेदक को शिकायत से संबंधित सूचना या कोई दस्तावेज आवश्यक हो तो उसकी मांग कर निराकरण किया जा सके। सभी जोन कार्यालय से प्राप्त आवेदन और निराकरण की जानकारी गूगलसीट में अपलोड की जाएगी। इसकी समीक्षा आयुक्त रघुवंशी स्वयं करेंगे। उन्होने निर्देश दिए हैं कि जोन कार्यालय के जनदर्शन में वहां के समस्त अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहेंगे।

अरुण के पास है संदीप का भविष्य बनाने का सुनहरा मौका

पुत्र के लिए विधानसभा की सीट छोड दिल्ली की राजनीति में हो सक्रिय

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। आगामी विधानसभा चुनाव के लिए अभी ढाई साल का समय शेष है। प्रदेश के विभिन्न विधानसभा की स्थिति भले ही अलग हो लेकिन दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र की परिस्थिति लगातार बदल रही है। वरिष्ठ नेता मोतीलाल वोरा के निधन के बाद कांग्रेसजनो को उम्मीद थी कि उनके पुत्र अरुण वोरा पिता के पद चिन्हों पर चलते हुए दिल्ली की राजनीति में सक्रिय होगें और राष्ट्रीय नेताओं से मेल जोल बढ़ाएंगे लेकिन श्री वोरा दुर्ग की राजनीति में सिमट कर रह गए है। जानकार लोगों का मानना है कि अरुण वोरा के लिए अगला चुनाव अपने पुत्र संदीप वोरा का भविष्य बनाने का सुनहरा अवसर है। उल्लेखनीय है कि दुर्ग की राजनीति में वोरा परिवार का गहरा दखल रहा है। वरिष्ठ नेता मोतीलाल वोरा ने दुर्ग के विधायक से लेकर अविभाजित मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री, लोकसभा सांसद, केन्द्रीय मंत्री, राज्यपाल व राज्यसभा सदस्य का लंबा सफर तय किया है। श्री वोरा आज हमारे बीच नही है। परंतु यह सर्वविदित है कि वरिष्ठ नेता स्व. मोतीलाल वोरा ने उचित समय में अपने पुत्र अरुण वोरा को दुर्ग विधानसभा का प्रत्याशी बनाया और उन्हे जनता ने विधायक के रुप में चुना। श्री वोरा इसके बाद आगे बढ़ते हुए दुर्ग से अब तक तीन बार विधायक होकर छत्तीसगढ़ वेयर हाउस कार्पोरेशन के अध्यक्ष है और उन्हे केबिनेट मंत्री का दर्जा भी मिल चुका है। इसका आशय यह है कि वरिष्ठ नेता स्व. मोतीलाल वोरा ने अपने पुत्र अरुण वोरा का राजनैतिक भविष्य बनाने के लिए सही अवसर का चयन किया था। ठीक ऐसी ही परिस्थिति अब अरुण वोरा के सामने बनती नजर आ रही है। श्री वोरा अगले विधानसभा के चुनाव में अपने पुत्र संदीप वोरा को मैदान में उतारकर उनके राजनैतिक भविष्य को एक नई दिशा दे सकते है।

यहां गौरतलब है कि अरुण वोरा के पुत्र संदीप वोरा ने अपने भविष्य का चयन राजनीति में सक्रिय रहने के लिए किया है। राजनीति के माध्यम से जनसेवा करना ही संदीप का लक्ष्य है। संदीप वर्तमान में युवक कांग्रेस प्रदेश महासचिव है और रायपुर के प्रभारी है। उन्होने राजनीति का गुर वरिष्ठ नेता स्व. मोतीलाल वोरा के साथ दिल्ली में रहकर सीखा है। संदीप व्यवहार से सहज सरल और विनम्र भी है। सबका सम्मान करते है और लोगों के लिए संघर्ष भी करते है। हालांकि संदीप संगठन में कार्य कर रहे है लेकिन उन्हे एक बड़े प्लेट फार्म की जरुरत है। यदि उन्हे विधानसभा में अवसर मिला तो विधायक के रुप में अच्छा परफार्मेंस दे सकते है। विधायक व वेयर हाउस के चेयरमेन अरुण वोरा के पास वर्तमान में सही अवसर है कि वे ढाई साल के अंतराल में संदीप वोरा को अपने साथ रखकर और अधिक परिपक्व बनाए और मैदान में उतारे। श्री वोरा दुर्ग विधानसभा की परिस्थिति से भली भांति वाकिफ है और अपनी सक्रियता का लाभ भी संदीप को दिला सकते है। कांग्रेस के कई नेताओं का मानना है कि विधायक अरुण वोरा को अब दिल्ली की राजनीति में सक्रिय हो जाना चाहिए।

सरकार की योजनाओं का कर रहे है प्रचार : अलताफ

मध्य ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अलताफ अहमद का कहना है कि संदीप वोरा युवा वर्ग के माध्यम से सरकार की योजनाओं का बेहतर प्रचार कर रहे है। संदीप में सबको साथ में लेकर चलने की क्षमता है। उनका राजनैतिक भविष्य उज्जवल है।

परिवार की साख का नहीं लिया कोई लाभ : अंशुल

नगर पालिक निगम के एल्डरमेन अंशुल पाण्डेय ने कहा कि संदीप वोरा ने जमीन से राजनीति की शुरुवात की है। वे एनएसयूआई से युवक कांग्रेस के प्रदेश महासचिव बने है। रायपुर का जिम्मा उनके पास है। उन्होने अपने परिवार की साख व प्रतिष्ठा का कभी गलत उपयोग नहीं किया। कांग्रेसजनों का वे बेहद सम्मान करते है।

युवाओं के साथ सभी वर्ग के लिए करते है कार्य : आयुष

शहर युवा कांग्रेस के अध्यक्ष आयुष शर्मा का कहना है कि संदीप वोरा युवाओं के साथ-साथ सभी वर्ग व समाज की समस्याओं के लिए आगे आकर कार्य करते है। कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने के साथ-साथ सबको साथ लेकर चलने की उनके भीतर अद्भूत क्षमता है।

कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव हेतु मास्क लगाना है जरूरी

61 लोगों से निगम ने वसूले 5970 रुपए

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। निगम ने तीसरी लहर की संभावना को देखते हुए मास्क पर कार्रवाई अभियान आज से तेज कर दिया है। आज कई लोगों के विरुद्ध मास्क नहीं लगाने को लेकर पूरे शहर में कार्यवाही करते हुए ऐसे लोगों से जुर्माना वसूल किया। कोरोना वायरस के संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए घर से बाहर निकलने वाले सभी व्यक्तियों को मास्क लगाना अनिवार्य है। नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों के खिलाफ कलेक्टर एवं निगम के प्रशासक डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे एवं निगमायुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने नियमित रूप से कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। निगम के सभी जोन के स्वास्थ्य व राजस्व विभाग की टीम ने सार्वजनिक स्थान पर मास्क या अन्य तरीके से मुंह को कवर किए बिना निकलने वाले व्यक्तियों पर अर्थदंड की कार्यवाही की। निगम की टीम बाजार क्षेत्रए दुकानों एवं सार्वजनिक स्थलों एवं प्रमुख चौक.चौराहो का निरीक्षण करते हुए नियमों की अवहेलना करने वालों पर कार्यवाही कर रहे है। लोगों के अधिक आवागमन वाले चौक चौराहो पर नजर रखते हुए बिना मास्क लगाए हुए निकलने वाले लोगों पर कार्यवाही की जा रही है। आज निगम के विभिन्न क्षेत्रों में 61 लोगों से मास्क नहीं पहनने को लेकर 5970 रुपए अर्थदंड वसूला गया।

निगम प्रशासन आम जन से अपील करती है कि चेहरे पर मास्क लगाकर ही घरों से निकले और अधिक भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाने से बचे। कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव हेतु घर के बाहर निकलने पर मास्क पहनना अनिवार्य है लेकिन बहुत से लोग नियमों को ताक पर रखकर बिना मास्क के घर से बाहर निकलने के साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर जा रहे है ऐसे में संक्रमण एक दूसरे में फैलने की संभावना बढ़ जाती है। कोरोना वायरस से बचाव हेतु निगम के जोन कार्यालयों की टीम निगम क्षेत्र के प्रमुख स्थलों पर जहां पर अधिक से अधिक लोगों का आवागमन या जमवाड़ा होता है ऐसे स्थानों पर भी कार्यवाही कर रही हैं।

रेल प्रोसेसिंग मशीन का संधारण

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। इस्पात संयंत्र के रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल के रेल फिनिशिंग में तीन फ्रामाग कार्बइड कटिंग मशीन है जो 26 मीटर रेल प्रोसेसिंग में फ्रंट एंड कटिंग का कार्य करके बीईआरएफ जैसे रिजेक्शन को कम करके उत्पादकता बढ़ाती है। दो फ्रामाग मशीन सीमेंस कामन डीसी माडयूल और प्रमुख मोटर माडयूल में खराबी आने से बंद हो गयी थी। कामन डीसी माडयूल उपलब्ध था। सीमेंस मेन मोटर माडयूल की जगह यस्कावा जनरल परपस हाई टॉर्क ड्राएव का उपयोग और सॉफ्टवेयर में आवश्यक परिवर्तन करके दोनों फ्रामाग मशीन को आंतरिक संसाधनों का उपयोग करके सफलतापूर्वक प्रारंभ किया गया। प्रणाली की महत्ता को ध्यान में रखते हुए विभाग प्रमुख मुख्य-महाप्रबंधक एमएम गद्रे, महाप्रबंधक समीर सिंह, महाप्रबंधक एसएम सोरते, महाप्रबंधक प्रशांत लाखे के मार्गदर्शन मे प्रणाली को अपग्रेड करने का निर्णय लिया गया। इस कार्य को निष्पादित करने हेतु महाप्रबंधक प्रशांत लाखे, महाप्रबंधक एचआर मेघवाल एवं उपमहाप्रबंधक, आरके पवार की अगुवाई में प्रबंधक अवनीष मिश्रा एवं एन नटेशन के द्वारा कार्य को पूर्ण किया गया। फ्रामाग मषीनों के पुनः आरंभ पर मुख्य-महाप्रबंधक एमएम गद्रे, मुख्य-महाप्रबंधक असित साहा, महाप्रबंधक एसके छत्री एवं महाप्रबंधक समीर सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में एस चट्टोपाध्याय, महाप्रबंधक केएन मलिक, एसबी मंडल, डी सिन्हा, बी जन्पंगी, आरके पवार आदि उपस्थित थे।

कोरोना की तीसरी लहर से बचाने कवायद

नवप्रदेश संवाददाता

रिसाली। निगम क्षेत्र से लगे हुए पड़ोसी शहर में एक ही परिवार के 4 सदस्य कोरोना पॉजीटिव मिलने पर एहतियात कदम उठाना शुरू कर दिया है। निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे के निर्देश पर आम नागरिकों को कोरोना के तीसरी लहर से बचने समझाईश दी जा रही है। वही सटेशन मरोदा बाजार में लापरवाही बरतने वालों से 12 सौ जुर्माना वसूला। निगम क्षेत्र में मास्क नहीं पहनने और फिजिकल डिस्टेंस का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ सख्ती बरती जा रही है। निगम अधिकारी की टीम शनिवार से बाजार क्षेत्र में दबिश देकर चालानी कार्रवाई करना शुरू कर दिया है। राजस्व निरीक्षक अनिल मेश्राम की टीम स्टेशन मरोदा पहुंची और बिना मास्क वालों से चालानी कार्रवाई करते हुए 1200 रूपए अर्थदण्ड वसूल कर घर से बाहर निकलने पर अनिवार्य रूप से मास्क लगाने की समझाईश दी।

दुकानदारों पर जुर्माना

निगम क्षेत्र के व्यापारियों को समझाईश दी गई है कि वे अपने कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से मास्क पहनाए। बिना मास्क वाले ग्राहकों को सामान न दे। नियमों को अनदेखी करने पर व्यापारियों से अर्थीदण्ड वसूल किया जाएगा।

देर से खोलने पर कार्यवाही

कोरोना के तीसरी लहर की आशंका को देखते हुए नियमों का पालन हर हाल में करने के निर्देश दिए है। आयुक्त ने व्यापारी संघ से अपील की हैं कि वे रात 8 बजे तक हर हाल में दुकानें अनिवार्य रूप से बंद कर दे। अन्यथा कोविड नियमों का उल्लंघन मानते हुए प्रकरण दर्ज करते हुए अर्थदण्ड वसूला जाएगा।

वैक्सीन सेंटर का निरीक्षण

वैक्सीन का स्टॉक पर्याप्त नहीं होने की वजह से टीकाकरण केन्द्र तीन दिनों बाद शुरू किया गया। यही वजह थी निगम क्षेत्र के तालपुरी बी ब्लाक, हायर सेकेण्डरी स्कूल रूआबांधा, सेंटथामस रूआबांधा, मैत्री विद्या निकेतन रिसाली, लक्ष्मीनगर ग्रीन सिटी, हाईस्कूल टंकीमरोदा, गवर्नमेंट मिडिल स्कूल मौहारी मरोदा, एचडब्ल्यूसी सामुदायीक भवन डुंडेरा, प्राइमरी स्कूल नेवईभाठा, बंगाली समाज भवन प्रगतिनगर, मंगलभवन पुरैना में टीका लगवाने वालों की लंबी कतार लगी थी। इसकी जानकारी मिलते ही आयुक्त ने सभी सेंटरों की स्थिति का जायजा लिया।

बीएसपी खिलाड़ी का वालीबॉल टीम में चयन

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। शिखर सिंह पूर्व केडेट, बीएसपी डे बोर्डिंग वालीबॉल एवं बीएसपी खिलाड़ी का चयन भारतीय वालीबॉल टीम में हुआ है जो 8 से 20 सितम्बर 2021 तक जापान में आयोजित 21वीं एषियन सीनियर मेन्स वालीबॉल प्रतियोगिता में भाग लेंगे। यह जानकारी उप महाप्रबंधक (क्री.सा. एवं ना.सु.), सहीराम जाखड़ ने दी। प्रतियोगिता के पूर्व श्री सिंह भुवनेश्वर में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में 20 जुलाई 21 से 7 सितम्बर 21 तक भाग लेंगे। भारतीय टीम में इनका चयन 5 से 11 मार्च 21 तक भुवनेश्वर में आयोजित 69वीं सीनियर नेषनल वालीबॉल प्रतियोगिता में उत्तम प्रदर्षन के आधार पर हुआ है। श्री सिंह संयंत्र के नियमित खिलाड़ी हैं और इन्होंने संयंत्र की तरफ से एस.पी.एस.बी एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया है। इन्होंने भारतीय जूनियर वालीबॉल टीम का भी प्रतिनिधित्व किया है। यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि भिलाई इस्पात संयंत्र के वालीबॉल मैदान से उभरा षिखर भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर रहा है। संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता कार्यपालक निदेषक एसके दुबे एवं खेल प्रेमियों ने बधाई दी।

माटीकला बोर्ड अध्यक्ष ने की वोरा से भेंट

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। छग राज्य माटीकला बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष एवं शिल्प ग्राम थनोद के प्रसिद्ध शिल्पकार बालन चक्रधारी ने विधायक एवं छत्तीसगढ़ राज्य भंडारगृह निगम अध्यक्ष अरुण वोरा से मुलाकात कर आभार जताया। वोरा ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि 15 वर्षों से छत्तीसगढ़ की मूल संस्कृति विलुप्त होने के कगार पर थी किन्तु भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार आने के साथ ही प्रदेश अपने अस्तित्व की ओर वापस लौट रहा है। पौनी पसारी योजनाए हॉट बाजार योजना आदि प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण करने वाले कदम हैं। नई पीढ़ी को छग संस्कृति से जोड़ने का काम लगातार जारी रखने में माटीकला बोर्ड का विशेष योगदान रहेगा। दुर्ग नगरीय क्षेत्र में जिस तरह लोक कला मार्ग का निर्माण कर राउत नाचाए सुआ नृत्यए योद्धा नर्तन आदि के प्रति जिज्ञासा पैदा हुई है उसी तरह बस्तर आर्ट के लिए भी लोगों में रुझान जगाने का प्रयास किया जाएगा।

बिना मास्क पर कार्यवाही

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे के आदेश पर निगमायुक्त हरेश मंडावी द्वारा दी गई निर्देश पर आज बाजार विभाग और स्वस्थ्य विभाग द्वारा बाजार क्षेत्र में कोरोना तीसरी लहर की आशंका को लेकर बिना मास्क लगाए लोगो पर जुर्मानी कार्रवाही अभियान तेज कर दी है। इस दौरान स्वस्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, प्रभारी बाजार अधिकारी शिव शर्मा, ईश्वर वर्मा, जसवीर सिंह भुवाल, राजू सिंह, मेनसिंग मंडावी, शशिकांत यादव, भुवंदास साहू और टीम मौजद थे। आम लोगों में लापरवाही शुरू हो गई है। बिना मास्क लोग बाजार पहुंच रहे हैं। दुकानदार भी बिना मास्क के दुकानों का संचालन कर रहे हैं और आने वाले ग्राहकों को भी मास्क लगाने की हिदायत नही दे रहे हैं। इतना ही नहीं फिजिकल दूरी का पालन भी प्रायः नहीं किया जा रहा है। तीसरी लहर की आशंका को देखते हुए ऐसे में अब निगम प्रशासन ने सड़कों पर उतरकर मास्क को लेकर अभियान चला रही है। पिछली बार लापरवाही का बड़ा खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ा है। शहर से लेकर मार्केट क्षेत्र में मास्क को लेकर अभियान तेज किया जा रहा है। इसी कड़ी में ऐसे दुकानदारों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की गई जो बिना मास्क लगाए दुकान संचालित कर रहे थे। इंद्रिरा मार्केट क्षेत्र गांधी चौक, शनिचरी बाजार 51 लोगो पर कार्रवाई की गई।

फेरबदल... नए सब इंजीनियरों को फील्ड पर दिया मौका, डीएमएफ के कार्यो में तेजी लाने बदले गए नोडल अधिकारी..

निगम आयुक्त ने बदले अफसरों के प्रभार, कई को नई जिम्मेदारी

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। निगमायुक्त हरेश मंडावी ने सभी अधिकारियों से कहा की सभी को उनके छमता के आधार पर कार्य सौंपा गया है।सभी कार्य में कसावट लाए। जनप्रतिनिधियों का सम्मान करते हुवे सौपें गए दायित्वों को पूरा करें। उन्होंने ये भी कहा बहुत सोच समझ कर और निगम के कार्यों की महत्ता के आधार पर सभी को नई ज़िम्मेदारी दी गई है। उम्मीद है कि कार्यों में तेजी आयेगी और मेरी उम्मीदों पर खरा उतरेंगे। 3 दिवस के भीतर सभी अधिकारी एक दूसरे को चार्ज दे। लंबे समय से सब इंजीनियर वीपी मिश्रा और आरके पालिया को 30-30 वार्ड देखकर बनाया गया। विधुत विभाग ओर जल विभाग में समजस्य बैठने के लिए जलविभाग देख रहे एआर रंगहड़ाले और राजेंद्र धबाले को विधुत विभाग का चार्ज सौंपा गया। एमपी गोस्वामी नोडल अधिकारी आरके पांडे लिंक अभियंता ठगड़ाबांध सौंदर्यकरण कार्य नालों में एसटीपी एनजीटी लिगसी वेस्ट 14 में एवं 15 में वित्त आयोग इंग्लिश मीडियम स्कूल दीपकनगर, गोधन न्याय योजना, मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना, विद्युत शवदाह गृह, डायग्नोस्टिक सेंटर, कोविड. टीकाकरण आरके पांडे नोडल अधिकारी वार्ड 1 से 25 एवं 56 से 60 तक जितेंद्र समैया लिंक अभियंता निर्वाचन एवं जनगणना शाखा शंकरनाला निर्माण कार्य गंज कांप्लेक्स जलगृह काम्लेक्स अमृत मिशन एवं जल गृह प्रधानमंत्री आवास योजना स्वच्छ भारत मिशन तालाबों का सौंदर्यीकरण वेस्ट एवं निष्पादन सर्विस लेवल बेंच जल ग्रह प्लेसमेंट। जितेंद्र समैया वार्ड 26 से 55 तक नोडल अधिकारी एमपी गोस्वामी लिंक अभियंता शनिचरी पालिका बाजार, उद्यान विभाग, नगर विकास योजना मार्ग, लोक निर्माण विभाग, प्लेसमेंट स्पोट्र्स कंपलेक्स निदान 1100 कर्मशाला विभाग मुख्यमंत्री घोषणा कार्य डीएमएफ कार्य, इंग्लिश मीडियम स्कूल तकियापारा, एसएलआरएम, उन्नयन, गौठान, चौक-चौराहों का सौंदर्यकरण, नगर चौपाटी रेनोवेशन कार्य, दादा-दादी पार्क रिनोवेशन कार्य, सहायक नोडल अधिकारी झगड़ाबांध सौंदर्यीकरण, पीएम आवास योजना 14 वें एवं 15वें वित्त आयोग। वीपी मिश्रा प्रभारी सहायक अभियंता सहायक नोडल अधिकारी वार्ड 1 से 25 एवं 56 से 60 तक, लिंक अभियंता आरके पालिया सर्विस लेवल बेंच गंज काम्प्लेक्स जगह काम्प्लेक्स ब-क वेस्ट एवं निष्पादन आरके पा लिया प्रभारी सहायक अभियंता लिंक अभियंता वी पी मिश्रा शनिचरी बाजार निर्माण उद्यान विभाग नालों में एसटीपी एनजीटी नगर विकास योजना लेग सी वेस्ट लोक कर्म विभाग प्लेसमेंट।प्रकाश चंद्र थवानी प्रभारी सहायक अभियंता भवन अधिकारी गिरीश दीवान उप अभियंता लिंक अभियंता भवन पूर्णता प्रमाण पत्र अतिक्रमण नजूल अनापत्ति प्रमाण पत्र इंजीनियर लाइसेंस राजस्व एवं बाजार विभाग नोडल भंडार शाखा प्रभारी निगम की शासकीय भूमि सहायक नोडल अधिकारी मुख्यमंत्री घोषणा का एस एल आर एम उन्नयन गौठान चौक चौराहों सौंदर्यकरण नगर चौपाटी रिनोवेशन दादा दादी पार्क रिनोवेशनए ए आर राहंगडाले प्रभारी सहायक अभियंता नोडल अधिकारी विद्युत विभाग लिंक अभियंता भीमराव उप अभियंता सहायक नोडल अधिकारी जल गृह विभाग अमृत मिशन शंकर नाला निर्माण गंज कांप्लेक्स डायग्नोस्टिक सेंटर तालाबों का सौंदर्य करें।

आम-सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार राजहर्ष तिवारी आ. श्री राजेश प्रसाद तिवारी निवासी स्मृति नगर भिलाई ने ग्राम हिर्री प.ह.न. 20 रा.नि.मं. धमधा तह. धमधा जिला दुर्ग में स्थित कृषि भूमि खसरा नं. 2498, 2503, 2514, 2518, 2574, 2575, 2577/2, 2577/3, 2580/1, 2580/2, 2582/1, 2582/2 रकबा क्रमशः 0.200, 0.440, 0.100, 0.250, 0.080, 0.090, 0.050, 0.290, 0.080, 0.080, 0.170, 0.600 जुमला टोटल रकबा 2.430 हे. को विक्रेता कुलदीप सिंह आ. श्रीराम मेहर सिंह निवासी खेदामार जिला दुर्ग से क्रय करने का सौदा किया है। उपरोक्त सौदे के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, सोसायटी को कोई दावा आपत्ति हो तो वह इस पेपर प्रकाशन के सात दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में संपूर्ण कागजात सहित पेश करे समयावधि समाप्त होने के पश्चात की गई आपत्ति अमान्य होगी।

राहुल पाटनी
अधिवक्ता- शॉप नं. 30
जीवन प्लाजा दुर्ग
मो. 9300668772
मुहर

आम-सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार राजहर्ष तिवारी आ. श्री राजेश प्रसाद तिवारी निवासी स्मृति नगर भिलाई ने ग्राम हिर्री प.ह.न. 20 रा.नि.मं. धमधा तह. धमधा जिला दुर्ग में स्थित कृषि भूमि खसरा नं. 2504, 2507, 2510, 2512, 2513, 2515, 2526, 2527, 2528, 2529/2, 2531, 2532, 2533, 2534, 2538/1, 2573/1, 2573/2, 2573/2 रकबा क्रमशः 0.2800, 0.1000, 0.400, 0.1700, 0.1900, 0.3900, 0.1700, 0.4000, 0.0700, 0.0500, 0.1300, 0.1700, 0.0400, 0.0400, 0.300, 0.1100, 0.0500, 0.0600 जुमला टोटल रकबा 2.490 हे. को विक्रेता निधि झा पिता श्री कन्हैया कुमार झा निवासी नेहरु नगर भिलाई से क्रय करने का सौदा किया है। उपरोक्त सौदे के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, सोसायटी को कोई दावा आपत्ति हो तो वह इस पेपर प्रकाशन के सात दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में संपूर्ण कागजात सहित पेश करे समयावधि समाप्त होने के पश्चात की गई आपत्ति अमान्य होगी।

राहुल पाटनी
अधिवक्ता- शॉप नं. 30
जीवन प्लाजा दुर्ग
मो. 9300668772
मुहर

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका शाइस्ता खान पति फैसल जमीर खान निवासी आस्था भवन स्टेशन रोड तह. व जिला दुर्ग के द्वारा अपने हक की क्रय शुदा भूमि ग्राम जुनवानी प.ह.नं. 53 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नबर 302/18 रकबा 0.022 हे. मे से 1500 वर्गफीट भूमि को विक्रय पत्र के आधार पर विक्रेता लैण्डमार्क डेवलपर्स पार्टनर सुभाष कुशवाहा पिता टी.पी. एस कुशवाहा के नाम से पृथक कर आवेदक का नाम पटवारी अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 26.07.2021 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 12.07.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर
नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री खुमनलाल साहू पिता स्व. भोलाराम साहू निवासी रायपुर नाका वार्ड 47 दुर्ग मौजा चदखुरी प.ह.नं. 29 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 1615/1, 1615/3 रकबा 0.08, 0.02 हे. भोलाराम साहू के नाम पर दर्ज है, भूमिस्वामी की मृत्यु दिनांक 03.12.2019 को हो जाने के कारण आवेदक का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 30.07.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 16.07.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर
नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

महंगाई डायन पर सियासत: एआईसीसी के सीजी प्रभारी ने पीएम के नाम का ज्ञापन जिलाधीश को सौंपा

रायपुर/नवप्रदेश। एआईसीसी के छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिव डॉ. चंदन यादव, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के नेतृत्व में राजधानी रायपुर में पैदल मार्च किया गया। महंगाई व ईंधनों की कीमतों में की गयी वृद्धि के खिलाफ कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन लंबे समय से चल रहा है। इसी कड़ी में महंगाई पर लगाम सहित पेट्रोल-डीजल के दाम कम करने की मांग को लेकर जिलाधीश को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया है कि देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में तेजी से बढ़ोत्तरी के साथ-साथ आवश्यक वस्तुओं की आसमान छुती कीमतों से आज देश का हर वर्ग प्रभावित है। पिछले कुछ महीने में केन्द्र सरकार द्वारा लगभग 67 बार इंधन की कीमतों में बढ़ोत्तरी की है। देश के समस्त शहरों में पेट्रोल/डीजल के दाम 100रू. प्रति लीटर से पार कर गया है, इसी तरह हर घरेलू सामान जैसे-खाद्य तेल, दाल सहित अन्य घरेलू दैनिक उपयोगी सामानों दामों में बेतहाषा वृद्धि देखा जा रहा है।

रसोई में पड़ा अतिरिक्त बोझ

केन्द्र सरकार ने देश की गृहणियों, देश की महिलाओं, देश के आम आदमी, देश के साधारण व्यक्ति के घरेलू बजट पर डाका डालते हुए घरेलू गैस सिलेण्डर के मूल्यों में बढ़ोत्तरी कर अतिरिक्त बोझ डाल दिया गया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल व एलपीजी गैस की कीमतों में लगातार कम हो रहा है, किन्तु केन्द्र सरकार पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस इन सबकी मूल्यों में इजाफा कर देश की जनता को लूटने का प्रयास कर रही है।

देश की अर्थव्यवस्था चौपट

भारतीय जनता पार्टी के केन्द्र सरकार ने ईंधन व गैस पर अत्याधिक उत्पाद शुल्क लेकर महामारी की इस दौर में देश को आर्थिक मंदी की ओर धकेलते हुए, रोजगार- व्यवसाय को ठप्प कर देश की अर्थव्यवस्था को चौपट कर दिया है, जिससे बेरोजगारी बढ़ रही है।

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी इस ज्ञापन के माध्यम से हम माननीय प्रधानमंत्री से मांग करते है कि, देश में ईंधन/गैस पर अत्याधिक उत्पाद शुल्क वापस लेने और महामारी, आर्थिक मंदी और अभूतपूर्व बेरोजगारी के समय में पहले से ही, पीड़ित उपभोक्ताओं को राहत पहुंचाने का कृपा करेंगे। प्रदेश पदाधिकारी, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, सेवादल, एनएसयुआई, सभी जिला अध्यक्षगण, सभी मोर्चा संगठन, प्रकोष्ठ विभाग, वरिष्ठ कांग्रेसजन, कार्यकर्ता शामिल हुये।

बीजेपी का आरोप: बड़ी एसी गाड़ियों में कर रहे है प्रदर्शन, ये कैसा महंगाई के खिलाफ...

रायपुर/नवप्रदेश। पेट्रोलियम उत्पादों के मूल्य वृद्धि के साथ महांगाई के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सभी ब्लाकों में जंगी प्रदर्शन कर रहे हैं। शनिवार को एआईसीसी के छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिव डॉ. चंदन यादव, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के नेतृत्व में राजधानी रायपुर में पैदल मार्च किया गया। विपक्ष ने इस पर कटाक्ष करते हुए सवाल किया कि- ये कैसा विरोध प्रदर्शन है? जिसमें जिस पेट्रोल-डीजल के बढ़ती कीमतों को लेकर इतना हाय-तौबा मचा रहे है, उसी पेट्रोल-डीजल से भरी बड़ी-बड़ी एसी युक्त गाड़ियों में बैठकर दिग्गज कांग्रेसी धरना प्रदर्शन कर रहे हैं।

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता संजय श्रीवास्तव ने कहा कि मुद्दाविहीन छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार के पास अब जनता को देने कुछ नहीं है। अपनी ढाई वर्ष की असफलता को छुपाने के लिए टूलकिट का एक सहारा लेकर मोदी सरकार को बदनाम करने का प्रयास किया। उससे काम नहीं बना तो अब महंगाई के नाम पर केंद्र सरकार को बदनाम करने का प्रयास कर रही है।

प्रवक्ता का आरोप है कि, कांग्रेस की भूपेश सरकार को अपनी ढ़ाई साल की कोई उपलब्धि नहीं है, जिसे जनता के रखने रखकर आगे बढ़ा जा सके, इसलिए मोदी सरकार को बदनाम करने के लिए एक आर्टिफिशल तरीकों से अभियान चला रहे हैं। ये कांग्रेस पार्टी की असफल प्रयास है, जो कभी पूरा नहीं होगा। छत्तीसगढ़ की जनता बहुत सूक्ष्म निगाहों से देख रही है।

आज तो तथाकथित कांग्रेसियों ने हद कर दी, जब वे जिस मुद्दों को लेकर आंदोलन कर रहे है, उसकी बानगी देख हर कोई शर्मा जाए। दरअसल, प्रवक्ता का कहना है कि जिस पेट्रोल-डीजल के बढ़ते दामों को लेकर कांग्रेसी सड़क पर उतरे हैं, वहीं कांग्रेस के बड़े नेता बड़ी-बड़ी गाड़ियों में बैठकर धरना-प्रदर्शन करने रवाना हुए है। ये कैसा महंगाई के विरोध स्वरूप आंदोलन है, जिसमें तथाकथित नेता-मंत्री बड़ी एसी वाले पेट्रोल-डीजल से भरी गाडियों में बैठकर धरना प्रदर्शन के लिए पहुंच रहे है। मुझे लगता कांग्रेस सरकार की अंतिम विदाई की तैयारी हो गई है। आगामी 2023 विधानसभा चुनाव में जबाब देगी जनता।

न्यूज गैलरी

मुख्यमंत्री ने बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव को उनकी पुण्यतिथि पर किया नमन

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और छत्तीसगढ़ में किसान सत्याग्रह के प्रणेता बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव की 18 जुलाई को पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया है। बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव के योगदान को याद करते हुए श्री बघेल ने कहा कि 'बाबू साहेब' दृढ़ता और संकल्प के प्रतीक थे। उन्होंने छत्तीसगढ़ में सामाजिक जन-जागरण और स्वतंत्रता आंदोलन की अलख जगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव के नेतृत्व में शोषण और अन्याय के विरूद्ध किसानों ने 'कंडेल नहर सत्याग्रह' किया। छत्तीसगढ़ में संगठित जनशक्ति का यह अभूतपूर्व प्रदर्शन था। मुख्यमंत्री ने कहा कि माटीपुत्र बाबू छोटे लाल श्रीवास्तव के विचार मूल्य हमारी धरोहर हैं, जो हमें हमेशा प्रेरित करते रहेंगे।

फूलोदेवी नेताम ने हिमालय की चोटी स्वयं सहायता समूह के कार्यो को सराहा

रायपुर/नवप्रदेश। हिमालय की चोटी स्वयं सहायता समूह के महिलाओं ने राज्यसभा सांसद एवं महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष फूलोदेवी नेताम से सौजन्य मुलाकात किये। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के जनहितैषी योजनओं से जुड़कर महिलाये आत्मनिर्भर बन रही है। राज्यसभा सदस्य फूलोदेवी नेताम ने हिमालय की चोटी स्व सहायता समूह के महिलाओं से मुलाकात कर उनके कार्यो की प्रशंसा की एवं सराहा है। राज्य सरकार के योजनाओं से महिलाओं के रोजगार का साधन बना। महिलाये स्वयं सहायता समूह से जुड़कर के रोजगार प्राप्त कर रही है। और गांव की अन्य महिलाओं को भी जोड़ रही है। सरकारी योजनाओं की वजह से आज ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक स्थिति बेहतर हुई है, समूह महिलाओं ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार के द्वारा महिलाओं के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए संचालित योजनाओं को महिलाओं के लिए लाभकारी उन्नतिकार बताये।

अलग-अलग थाना क्षेत्र से सट्टा-पट्टी के साथ 5 आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र में पुलिस ने सट्टा-पट्टी के साथ 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से कुल 40 हजार से अधिक रूपये जब्त किये है। गिरफ्तार आरोपियों में गोबरानवापारा थाना क्षेत्र के सतनामी पारा से सागर नवरंगे पिता संतोष 20 वर्ष से 9300 एवं विजय कुमार लाखे पिता बलिराम 42 वर्ष से 9500 रूपये व सट्टा-पट्टी जब्त किया गया है। इसी प्रकार विधानसभा थाना क्षेत्र से बादल नायक पिता बाबूलाल 20 वर्ष से 480 रूपये एवं योगेश गेन्ड्रे पिता हिरूदास 26 वर्ष से 620 रूपये के साथ सट्टा-पट्टी जब्त किया गया है। सेजबहार थाना क्षेत्र से नंदकुमार कुर्रे पिता भंवरलाल 32 वर्ष से 1330 रूपये व सट्टा-पट्टी जब्त किया गया। सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

पहुंची कोरोना वैक्सिन की 7 बॉक्स

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में शनिवार को कोवैक्सीन की खेप पहुंची है। यह जानकारी एयरपोर्ट के निदेशक राकेश रंजन सहाय ने दी है। उन्होंने बताया है कि हैदराबाद से रायपुर पहुंची फ्लाइट से 7 बॉक्स कोवैक्सीन के उतारे गए हैं। बता दें कि गत दिनों ही लगातार कोविशील्ड वैक्सीन की बड़ी खेप छत्तीसगढ़ को मिली थी। इससे टीकाकरण की रफ्तार तेज होगी।

राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने लगवाया कोरोना का टीका

रायपुर/नवप्रदेश। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने आज रायपुर स्थित पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचकर कोरोना वैक्सीन का टीका लगवाया। टीका लगाने के बाद मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल वहां लगभग आधे घंटे चिकित्सकों की निगरानी में रहे। इस मौके पर मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने राज्य के सभी नागरिकों से कोरोना से बचाव के लिए अनिवार्य रूप से कोरोना वैक्सीन का टीका लगवाने की अपील की। उन्होंने कहा कि राज्य में सभी जगहों पर कोरोना का टीका निःशुल्क लगाया जा रहा है। उन्होंने ऐसे लोगों से जिन्होंने अभी तक कोरोना का टीका नहीं लगवाया है, उन्हें अपने मोहल्ला, वार्ड स्थित वैक्सीनेशन सेंटर पर जाकर टीका लगवाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि कोरोना टीका को लेकर किसी भी तरह का संशय मन में न पाले। सुनी-सुनाई बातों और अफ्वाहों पर ध्यान न दें। कोरोना वैक्सीन सुरक्षित है। कोरोना संक्रमण और बीमारी की गंभीर स्थिति से बचने के लिए टीका लगवाना ही सबसे सुरक्षित एवं प्रभावी विकल्प है।

भाजपा न्याय योजनाओं को लेकर भ्रम फैलाना और गुमराह करना बंद करें

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि किसानों पशुपालकों और मजदूरों से 2 रू. किलों में गोबर खरीदने की छत्तीसगढ़ सरकार की अद्भुत सफल एवं जनहितकारी योजना को लेकर भ्रम फैलाने और गुमराह करने का कड़ा प्रतिवाद किया है। दरअसल रमन सिंह को खेती, किसानी, गांव, गरीबों की समझ ही नहीं है।

वे गोबर और वर्मी कम्पोस्ट में अंतर ही नहीं समझ पा रहे हैं। छत्तीसगढ़ में देश में सबसे अच्छा वर्मी कम्पोस्ट किसानों को दिया जा रहा है। वर्मी कम्पोस्ट के बारे में पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह का बयान गोपालक गौठान समूह में कार्यरत किसान मजदूर और महिला स्व-सहायता समूहों की मेहनत का अपमान है। रमन सिंह को न कभी गांव, गरीबों, मजदूरों, किसानों गौपालकों की चिंता रही है और नही वे छत्तीसगढ़ की संस्कृति, छत्तीसगढ़ की परंपरा, रीति रिवाज और खेती किसानी को समझते है। रमन सिंह को तो यह भी नहीं पता कि गोबर से वर्मी कम्पोस्ट बनता कैसे हैं? वर्मी कम्पोस्ट बनाने की प्रक्रिया क्या है? गोबर से वर्मी कम्पोस्ट बनने में क्या-क्या बदलाव होते हैं और यह वर्मी कम्पोस्ट खेतों में जाकर क्या काम करता है, अगर रमन सिंह जी में यह समझ होती तो वे वर्मी कम्पोस्ट के खिलाफ ऐसा गलत एवं तथ्यहीन बयान जारी नहीं करते।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि छत्तीसगढ़ आर्गेनिक खेती की ओर बढ़ रहा है तो भाजपा और रमन सिंह को तकलीफ क्यों हो रही है? छत्तीसगढ़ में किसानों को बाध्य करने का काम रमन सिंह 15 साल के शासनकाल के समाप्त होते ही बंद हो चुका है। बल्कि वर्मी कंपोस्ट के लाभ को प्रचारित कर आर्गेनिक खेती के लिये प्रोत्साहित किया जा रहा है। बाध्यता तो रमन सिंह के 15 साल के समय में थी जब कमीशनखोरी के चलते कभी नीम सोना की तो कभी नीम रत्न में जैसे उत्पादों के लिये बिना यूरिया और डीएपी किसानों को नहीं दिया जाता था। आज भूपेश बघेल सरकार में किसानों पर कोई दबाव नहीं। दरअसल पूंजीपतियों के समर्थक रमन सिंह और भाजपा गांव, गरीब, किसान और गौपालको की समृद्धि को बर्दाश्त नहीं कर पा रहे है। भाजपा का मूल चरित्र ही किसान विरोधी है, गरीब विरोधी है। गोठान समिति के द्वारा दो रूपए किलो गोबर का भुगतान होता है और गोबर से वर्मी कम्पोस्ट गौठान समिति के सदस्यों के साथ मिलकर महिलाओं की स्व-सहायता समूह के 45 दिन के मेहनत भरी प्रक्रिया के बाद बनता है।

प्रक्रिया के उपरांत 45 दिन बाद तैयार वर्मी कम्पोस्ट को फिर पैकिंग करके खेतों तक पहुंचाने की व्यवस्था गोठान समूह और स्व-सहायता समूह के द्वारा की जाती है। उसके बाद वर्मी कम्पोस्ट का 10 रूपये किलो मिलता है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि रमन सिंह के 15 साल के शासनकाल में भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी के चलते हार्टिकल्चर और फारेस्ट विभाग के सरकारी उपयोग के लिये वर्मी कम्पोस्ट बाहरी एजेंसियों से खरीदा जाता रहा।

भाजपा महिला आरक्षण बिल के पक्ष में नहीं : रिजवी

रायपुर/नवप्रदेश। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के मीडिया प्रमुख, मध्यप्रदेश पाठ्यपुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष, पूर्व उपमहापौर तथा वरिष्ठ अधिवक्ता इकबाल अहमद रिजवी ने भाजपा द्वारा सी.ए.ए., एन.आर.सी. तथा किसान विरोधी बिल को देश में बलात थोपे जाने को गैरवाजिब बताया है तथा कहा कि उपरोक्त उत्तेजक बिलों को वर्ग विशेष को हानि पहुंचाने वाला निरूपित किया है जिसे देश के शांत एवं सौहार्द्रपूर्ण माहौल को खराब करने का कुत्सित प्रयास ही कहा जाऐगा। रिजवी ने भाजपा द्वारा महिला आरक्षण बिल संसद में प्रस्तुत करने में हीलाहवाला से स्पष्ट है कि भाजपा महिला आरक्षण की पक्षधर नहीं है। महिला आरक्षण बिल प्रस्तुत करने से सभी दलों की सहमति का भी खुलासा हो जाता। भाजपा की मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयं संघ की सहमति के बिना भाजपा असहाय है। संघ प्रमुख भाजपा को संसद में बिल प्रस्तुत करने निर्देशित करें। भाजपा को संघ की सहमति का इन्तजार है। संघ को महिला आरक्षण पर अपनी चुप्पी तोड़ना चाहिए।

रिजवी ने कहा है कि भाजपा एवं संघ पुरूष प्रधान दल एवं संगठन है तथा महिलाओं की रहनुमाई दोनों को पसंद नहीं है। संघ के हालिया संगठन चुनाव में किसी भी महिला का चयन नहीं किया गया। संघ में महिला विंग ही गठित नहीं किया गया है। संघ ने सार्वजनिक जीवन तथा संगठन में महिलाओं को दूर ही रखा है। इसलिए भाजपा से महिला आरक्षण बिल संसद में प्रस्तुत करने की उम्मीद रखना व्यर्थ है। देश के अन्य दलों को संसद में अशासकीय प्रस्ताव लाना चाहिए। इससे पता चल जाऐगा कि कौन-कौन से दल महिला आरक्षण के पक्षधर हैं।

मिक्सर मशीन में गिरकर बालक की मौत

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के माना कैम्प थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टेमरी में संचालित मां शीतला ब्रिक्स फैक्ट्री में एक मजूदर के 5 वर्षीय बालक की मिक्चर मशीन में गिरने से मौत हो गई। इस मामले में फैक्ट्री के संचालक द्वारा लापरवाही कर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था नहीं देने के मामले में अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मां शीतला ब्रिक्स में नरोत्तम निषाद मजदूरी का काम करता है। 14 जुलाई को फैक्ट्री में काम चल रहा था। इस दौरान नरोत्तम निषाद का 5 वर्षीय पुत्र अजय चलती हुई मिक्चर मशीन में गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई।

इस घटना की जांच में पुलिस ने फैक्ट्री संचालक द्वारा मजदूरों एवं मिक्चर मशीन के पास पर्याप्त सुरक्षा मुहैया नहीं कराया जाना पाया गया, जिसके बाद पुलिस ने फैक्ट्री संचालक भोजराज साहू के खिलाफ धारा 304ए के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। मामले की जांच जारी है।

धर्मांतरण पर रामविचार सहित पूरी भाजपा झूठ बोल रही: कांग्रेस

■ राज्य में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद धर्मान्तरण जैसी घटनाएं बन्द हो गयी

■ भाजपा सरकार में थी तब धर्मांतरण करवाती थी फिर घरवापसी की नौटंकी करती थी

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा धर्मांतरण के मामले में झूठ बोल कर भ्रम फैला रही है। प्रदेश कांग्रेस के मुख्यप्रवक्ता सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि छत्तीसगढ़ में जब से कांग्रेस की सरकार बनी है तब से धर्मांतरण जैसी अवांछित गतिविधियों पर पूरी तरह रोक लगा है। यही कारण है कि घरवापसी जैसे कार्यक्रम चला कर झूठी वाहवाही लेने वाले भाजपा नेताओं की दुकानदारी भी बन्द है क्योंकि उन्हें ढूंढे भी धर्मांतरण के केस नही मिल रहे।जब भाजपा सरकार में थी तब पहले खुद धर्मांतरण करवाती थी बाद में उन्ही की घर वापसी की नौटंकी की जाती थी। अब छत्तीसगढ़ में सभी धर्मावलम्बी पूरी स्वतंत्रता से अपनी धार्मिक गतिविधियों का संचालन कर रहे। राज्य में सौहार्दपूर्ण धार्मिक वातावरण है। छत्तीसगढ़ की जनता का यही परस्पर प्रेम भारतीय जनता पार्टी के नेताओ को देखा नही जा रहा। राज्य में मुद्दों के दिवालियेपन से जूझ रही भाजपा मनगढ़ंत धर्मांतरण की बाते फैलाने झूठी बयान बाजी कर रही है। प्रदेश कांग्रेस के मुख्यप्रवक्ता सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा के इसी झूठे प्रचार से सचेत करने के लिए सुकमा के पुलिस अधीक्षक ने अपने मातहतों को अपने थाना क्षेत्रों में धर्मांतरण जैसी अफ्वाहों और गतिविधियों पर सावधान रहने को कहा है। सुकमा के यसपी ने यदि धर्मांतरण जैसी गतिविधियों पर नजर रखने की संवेदनशीलता दिखाई है तो यह कांग्रेस सरकार की घोषित नीतियों का परिपालन है।

आम लोग भी करा सकेंगे अपने नवीन भवनों के गुणवत्ता की जांच

■ छत्तीसगढ़ शासन ने प्रदान की अनुमति

रायपुर/नवप्रदेश। अपने नवीन भवनों के कांक्रीट की गुणवत्ता की जांच कराने अब प्रदेश वासियों को कहीं भटकने की जरुरत नहीं होगी। राज्य शासन ने अब मुख्य तकनीकी परीक्षक (सतर्कता) कार्यालय को जाँच करने की अनुमति दे दी है। राज्य के आम नागरिक, शासकीय, अर्धशासकीय एवं अशासकीय संस्थाएं राज्य शासन के मुख्य तकनीकी परीक्षक (सतर्कता) कार्यालय के माध्यम से अपने नवीन भवनों के कांक्रीट की गुणवत्ता की जांच करा सकेंगे। इसके लिए इच्छुक व्यक्ति एवं संस्था को विधिवत आवेदन एवं निर्धारित शुल्क अदा करना होगा। राज्य शासन द्वारा मुख्य तकनीकी परीक्षक (सतर्कता) कार्यालय को इसके लिए अनुमति प्रदान की है।

गुणवत्ता के प्रति आएगी जागरूकता

नवीन भवनों के कांक्रीट की गुणवत्ता की जांच नॉन डिस्ट्रेक्टिव टेस्टिंग (एनडीटी) उपकरणों के माध्यम से निर्धारित शुल्क देने पर की जाएगी। इससे आम नागरिकों को लागत के अनुरूप गुणवत्तायुक्त भवन की उपलब्धता सुनिश्चित होने के साथ ही भवन संधारण में आने वाले अनावश्यक अतिरिक्त व्यय से मुक्ति मिलेगी। राज्य शासन द्वारा स्वीकृत निर्माण कार्यों के गुणवत्ता पर नियंत्रण रखा जा सकेगा। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता के प्रति आम लोगों में जागरूकता आयेगी एवं राज्य सरकार को राजस्व की प्राप्ति होगी। शासन के द्वारा कार्यालय में उपलब्ध डिजीटल रिबाउंड हैमर हेतु परीक्षण शुल्क 2500 रूपए प्रति रिडिंग एवं अल्ट्रासोनिक पल्स वेलोसिटी उपकरण हेतु शुल्क 3 हजार रूपए प्रति रिडिंग जी.एस.टी. सहित निर्धारित है।

ऑनलाइन होगी प्रक्रिया

परीक्षण शुल्क राशि के लिए ऑनलाईन/कार्यालय में सीधे जमा की जा सकती है। शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं निजी निर्माण कार्यों के कांकीट की गुणवत्ता परीक्षण हेतु कार्यालय मुख्य तकनीकी परीक्षक (सर्तकता) के वेबसाईट ctev.cg.gov.in में ई-परीक्षक मेनु में जाकर निर्धारित शुल्क ई-चालान के माध्यम से राजस्व मद 0070-60-800 अन्य प्राप्तियां में भुगतान कर सकेगे अथवा कार्यालय में आवेदक नियम एवं शर्ते स्वीकार करने के उपरांत मनी रीसिप्ट के माध्यम से राशि जमा कर गुणवत्ता परीक्षण कराया जा सकता है।

ऐसे करें आवेदन

ई-परीक्षक मेनू को उपयोग करने की विधि का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है ङ्क मेनू में जाकर ई-परीक्षक लिंक को क्लिक करें। वेब पेज में डिजीटल रिबांऊण्ड हैमर एवं अल्ट्रासोनिक पल्स वेलोसिटी उपकरण का परीक्षण मूल्य प्रदर्शित होगा।

कोरोना | दिवंगतों की याद में परिजनों के साथ विधायक ने इस तरह दी 'हरितांजली'

उनके बताए स्थान पर विकास उपाध्याय ने किया पौधारोपण

रायपुर/नवप्रदेश। कोरनाकाल ने जिन अपनों को लील लिया है, उनकी याद में शनिवार को विधायक के साथ मिलकर परिजनों ने पौधारोपण कर मृत आत्माओं को 'हरितांजली' दी। रायपुर पश्चिम के विधायक विकास उपाध्याय के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर दिव्य आत्माओं की स्मृति में पौधारोपण कार्यक्रम 'हरितांजली' का आयोजन प्रत्येक वार्ड में किया गया।

माधवराव सप्रे वार्ड में किया गया, जिसके तहत कोरोना संक्रमण से गुजर चुके सदस्यों के स्मृति में परिवारजनों के द्वारा बताए गए स्थानों में उनकी पसंद का पौधा लगाकर श्रद्धांजलि अर्पित की हैं। विधायक विकास उपाध्याय ने बताया कि दिव्य आत्माओं की स्मृति में पौधा लगाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी जा रही है, ताकि उन्हें उनके अपने स्मरण रहे और पौधे की देखभाल हो।

उन्होंने कहा कि परिजनों के सहमति से उनके द्वारा बताए जगह पर उन्हीं के पसंददीदा पौधा लगाया जा रहा हैं, ताकि देख-रेख कर सकें। पौधारोपण के बाद शोक संतृप्त परिवार के सदस्यों के साथ दिवंगत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर रोपित पौधे के रख-रखाव की जिम्मेदारी भी परिवार के सदस्यों को ही दे रहे हैं।

इन मृत आत्माओं को याद कर दी श्रद्धांजलि

रायपुरा निवासी स्व. उमेंद सिंह पदमवार, स्व. कमलेश देवांगन, स्व.भरत साहू, स्व.शिव साहू, स्व. जुगलकिशोरउपाध्याय, स्व. धर्मावती देवी, स्व. मंगल सिंह,स्व. पुनियाबाई सैनिक, स्व. चन्द्रिकापुरी गोस्वामी,स्व. भरत वर्मा, स्व. रश्मि देवांगन, स्व. हेमन्त शर्मा,स्व. चन्द्रशेखर धनगर, स्व. देवकी धनगर, स्व. दीपक साहू, स्व. शिव साहू, स्व. सुरेश सोनी, स्व. खिलावन राम साहू, स्व. रेणुका बावनकर, स्व. लोकेश चक्रधारी, स्व. बुधराम टंडन की स्मृति में पौधरोपण कर श्रद्धांजलि दिया गया।

मानव जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती वर्षा ऋतु

वर्षा ऋतु भारत के चार मुख्य मौसमों में से एक है। यह हर साल गर्मियों के मौसम के बाद विशेष रूप से जुलाई के महीने में और सितंबर में समाप्त होता है। आकाश में बादल तब बरसते हैं, जब मानसून होता है। गर्मी के मौसम में यह बहुत गर्म हो जाता है और महासागर, नदियों आदि जैसे जल संसाधनों से आकाश में वाष्प के रूप में ऊपर चला जाता है। वाष्प आकाश में एकत्र हो जाते हैं और बादल बनाते हैं जो बरसात के मौसम में चलते हैं जब मानसून चल पड़ता है और बादल एक-दूसरे के घर्षण में आते हैं। यह गरजना, बिजली चमकना और फिर बारिश होना शुरू हो जाता है।

त्वचा को सुरक्षित रखने के लिए घर पर करें प्रयास

दक्षिण-पश्चिम मॉनसून ने आखिरकार पांच दिनों की देरी के बाद देशभर के हिस्से को आच्छादित कर लिया. विभिन्न राज्यों में धान की बुवाई के लिए बारिश का इंतजार कर रहे किसानों के चेहरे खिल गए. उत्तर भारत के कई हिस्सों में भारी बारिश हुई. दक्षिण-पश्चिम मॉनसून आमतौर पर 8 जुलाई को पूरे देश में दस्तक दे देता है. लेकिन इस साल देर हुई. पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और राजस्थान के कुछ हिस्सों में बारिश हुई है. इस साल, मॉनसून 12 जुलाई को दिल्ली से पहले राजस्थान के जैसलमेर और गंगानगर के अपने आखिरी पड़ावों पर पहुंचा. आमतौर पर, मॉनसून दिल्ली में आने के लगभग नौ दिन बाद 8 जुलाई को इन दोनों जिलों में पहुंचता है. मॉनसून के लिएदिल्ली का इंतजार आज इसके कुछ हिस्सों में बारिश के बाद खत्म हो गया. मौसम अधिकारियों का कहना है कि इसकी शुरूआत निर्धारित समय से दो सप्ताह की देरी से हुई है, जिससे यह 19 वर्षों में सबसे अधिक विलंबित हो गया है. पिछले एक महीने के दौरान मौसम विभाग ने सटीक भविष्यवाणी करने के लिए संघर्ष किया कि मॉनसून राजधानी में कब पहुंचेगा और उसे तब तीखी आलोचना का सामना करना पड़ा जब मॉनसून ने अनुकूल परिस्थितियों के बावजूद कई बार दिल्ली वालों को निराश किया. मंगलवार को मॉनसून आखिरकार राष्ट्रीय राजधानी पहुंचा. सफदरजंग वेधशाला ने आज सुबह 8:30 से शाम 5:30 बजे के बीच 28.1 मिलीमीटर बारिश दर्ज की. कुल मिलाकर, दिल्ली में अब तक सामान्य से 65 फीसदी कम बारिश हुई है, जिससे यह `वर्षा की बड़ी कमी' वाले राज्यों की श्रेणी में आ गया है।

केरल के लिए आईएमडी ने जारी किया येलो अलर्ट

केरल में, दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के प्रभाव में राज्य के कई हिस्सों में बारिश जारी है और मौसम विभाग ने पहाड़ी इडुक्की जिले के लिए ऑरेंज अलर्ट और 11 अन्य जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया. भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कोट्टायम, पतनमतिट्टा, कोल्लम, एर्नाकुलम, त्रिशूर, पलक्कड़, मलप्पुरम, कोझीकोड, वायनाड, कन्नूर और कासरगोड जिलों के लिए मंगलवार के वास्ते येलो अलर्ट जारी किया है. हरियाणा और पंजाब के कुछ हिस्सों में भारी बारिश के बाद तापमान सामान्य सीमा से नीचे रहा. मौसम विभाग के अनुसार, हरियाणा के कई स्थानों पर बारिश हुई, जबकि अमृतसर और पटियाला सहित पंजाब के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हुई. हरियाणा के करनाल में दिन के दौरान (190 मिमी) बारिश हुई, जबकि हिसार, रोहतक, गुरुग्राम और भिवानी में भी बारिश हुई. मौसम विभाग ने कहा कि उत्तर प्रदेश में छिटपुट स्थानों पर गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश हुई. ललितपुर, बरेली, कुशीनगर, झांसी, हाथरस, बुलंदशहर, कन्नौज, संत कबीर नगर, लखनऊ, सिद्धार्थ नगर, बांदा, महोबा, संभल और अलीगढ़ में बारिश हुई. फतेहगढ़ यूपी का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां पारा 39.7 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।

भारतीय किसानों के लिए वर्षा ऋतु का महत्व

भारतीय किसानों के लिए वर्षा ऋतु का बहुत महत्व है क्योंकि उन्हें अपनी फसलों की खेती के लिए वास्तव में अधिक पानी की आवश्यकता होती है। किसान आमतौर पर खेतों में आगे उपयोग के लिए बरसात के पानी को इकट्ठा करने के लिए कई गड्ढे और तालाब बनाते हैं। वर्षा ऋतु वास्तव में कृषकों के लिए भगवान से एक वरदान है। वे वर्षा देव की पूजा करते हैं, अगर इसके बाद बारिश नहीं होती है और अंत में वे बारिश से धन्य हो जाते हैं। आकाश में बहुत सारे सफेद, भूरे और गहरे काले बादल दिखाई देते हैं, जो आकाश में यहाँ और वहाँ से चलते हैं। मानसून आने पर बादलों को चलाने में बहुत सारा पानी और बारिश होती है।

वर्षा ऋतु में मंदाग्नि, वायुप्रकोप, पित्त का संचय आदि दोषों की अधिकता होती है । इस ऋतु में भोजन आवश्यकता से थोड़ा कम करोगे तो आम (कच्चा रस) तथा वायु नहीं बनेंगे या कम बनेंगे, स्वास्थ्य अच्छा रहेगा । भूल से भी थोड़ा ज्यादा खाया तो ये दोष कुपित होकर बीमारी का रूप ले सकते हैं। काजू, बादाम, मावा, मिठाइयाँ भूलकर भी न खायें, इनसे बुखार और दूसरी बीमारियाँ होती हैं । अशुद्ध पानी पियेंगे तो पेचिश व और कई बीमारियाँ हो जाती हैं । अगर दस्त हो गये हों तो खिचड़ी में देशी गाय का घी डाल के खा लो तो दस्त बंद हो जाते हैं । पतले दस्त ज्यादा समय तक न रहें इसका ध्यान रखें। बरसाती मौसम के उत्तरकाल में पित्त प्रकुपित होता है इसलिए खट्टी व तीखी चीजों का सेवन वर्जित है। जिन्होंने बेपरवाही से बरसात में हवाएँ खायी हैं और शरीर भिगाया है, उनको बुढ़ापे में वायुजन्य तकलीफों के दुःखों से टकराना पड़ता । इस ऋतु में खुले बदन घूमना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। बारिश के पानी में सिर भिगाने से अभी नहीं तो 20 वर्षों के बाद भी सिरदर्द की पीड़ा अथवा घुटनों का दर्द या वायु-संबंधी रोग हो सकते हैं । जो जवानी में ही धूप में सिर ढकने की सावधानी रखते हैं उनको बुढ़ापे में आँखों की तकलीफें जल्दी नहीं होतीं तथा कान, नाक आदि निरोग रहते हैं । बदहजमी के कारण अम्लपित्त की समस्या होती है और बदहजमी से जो वायु ऊपर चढ़ती है उससे भी छाती में पीड़ा होती है । वायु और पित्त का प्रकोप होता है तो अनजान लोग उसे हृदयाघात मान लेते हैं।

बरसात के मौसम के फायदे

बारिश का मौसम सभी को पसंद आता है क्योंकि यह सूरज की तेज गर्मी से बहुत राहत देता है। यह पर्यावरण से सभी गर्मी को दूर करता है और सभी को ठंडा एहसास देता है। यह पौधों, पेड़ों, घासों, फसलों, सब्जियों आदि को ठीक से बढ़ने में मदद करता है। यह जानवरों के लिए भी एक अनुकूल मौसम है, क्योंकि यह उन्हें चरने के लिए बहुत सारी हरी घास और छोटे पौधे देता है।

वर्षा ऋतु के नुकसानः

जब बारिश होती है, तो सभी सड़कें, योजना क्षेत्र और खेल के मैदान पानी और कीचड़ से भरे हो जाते हैं। इसलिए, हमें रोज़ाना खेलने में बहुत समस्याएँ आती हैं। बिना सूरज की रोशनी के, घर की हर चीज महकने लगती है। सही धूप की कमी की वजह से संक्रामक रोगों (जैसे वायरल, फंगल और बैक्टीरियल रोगों) के फैलने का खतरा काफी हद तक बढ़ जाता है।

आखिरकार, बारिश का मौसम ज्यादातर सभी को पसंद आता है। यह हर जगह हरा दिखता है। पौधों, पेड़ों और लताओं को नए पत्ते मिलते हैं। फूल खिलने लगते हैं। हमें आकाश में एक सुंदर इंद्रधनुष देखने का एक बड़ा अवसर मिलता है। कभी-कभी सूरज अस्त हो जाता है और कभी-कभी बाहर आ जाता है, इसलिए हम सूरज की लुका-छिपी देखते हैं। मोर और अन्य वन पक्षी अपने पंख फैलाकर पूरे जोश में नाचने लगते हैं। हम स्कूल में और साथ ही घर में अपने दोस्तों के साथ पूरी बारिश के मौसम का आनंद लेते हैं। भारत में वर्षा ऋतु का आगमन जुलाई के महीने में होता है तथा सितंबर के महीने तक वर्षा होती रहती है । यह ऋतु किसानों के लिए वरदान सिद्ध होती है । वे इस ऋतु में खरीफकी फसल बोते हैं । वर्षा ऋतु वनस्पतियों के लिए भी वरदान होती है । वर्षा काल में पेड़-पौधे हरे-भरे हो जाते हैं । वर्षा-जल से उनमें जीवन का संचार होता है । वन-उपवन और बाग-बगीचों में नई रौनक और नई जवानी आ जाती है । ताल-तलैयों व नदियों में वर्षा-जल उमड़ पड़ता है । धरती की प्यास बुझती है तथा भूमि का जलस्तर बढ़ जाता है । मेढक प्रसन्न होकर टर्र-टर्र की ध्वनि उत्पन्न करने लगते हैं । झींगुर एक स्वर में बोलने लगते हैं । वनों में मोरों का मनभावन नृत्य आरंभ हो जाता है ।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

ज़िन्दगी के घने

ज़िन्दगी के घने अंधेरों में, तेरी यादों से रोशनी कर ली, जब शब ए हिज्र ने सताया तो, दिल जलाया औ रोशनी कर ली, उजालों का कोई सुराग न था,तेरी तस्वीर सजाई औ रोशनी कर ली, इबादत में किए रोशन जो चिराग, वफा ने राह बनाई औ रोशनी कर ली, बड़ा वीरां सा था हयाते सफर, खुदा की राह चले और रोशनी कर ली।

– कुलदीप मिश्रा

जो अरविद केजरीवाल

जो अरविद केजरीवाल पहले हिन्दुओ की आस्था पर चोट पहुंचने के लिए श्री राम जन्मभूमि पर मंदिर की जगह अस्पताल या कॉलेज बनाने की बात करता था। वही दिल्ली मे मुसलमानों को खुश करने के लिए दिल्ली के टैक्स पेयर के पैसों से द्वारका सेक्टर-22 में 100 करोड़ की लागत से हज हाउस बनवा रहा है। – सचिन चौधरी

खास पाती | काफिला जुगनुओं का निकल

काफिला जुगनुओं का निकल जाए तो शायद नींद आ जाए, गोया चांदनी भी थोड़ी सी ढल जाए तो शायद नींद आ जाए, लगा के टकटकी देखती हूबहू खींच रखी है ज़ेहन मे तस्वीर , जो रूख तस्वीर का यूं बदल जाए तो शायद नींद आ जाए, याद है बादलों का गरजना,बिजलियों का चमकना और तुम, धड़कनों का शोर गर सम्भल जाए तो शायद नींद आ जाए, दरकार है ख्वाब की चलूं नींद को दिल के आंगन मे बुलाऊँ, प्रेम गीत गुनगुनाउं कि दिल बहल जाए तो शायद नींद आ जाए, ज़ोम-ए-दिल मे गुजर रहीं हैं घड़ियां इंतजार है मिलन का, विजय हिज्र का वक्त है जरा सा टल जाए तो शायद नींद आ जाए। – विजय लक्ष्मी राय

श्याम मुरली मधुर तुम बजाया

श्याम मुरली मधुर तुम बजाया करो। गीत मीठे मिलन के सुनाया करो।। फूल चम्पा चमेली लटों में सजा, मैं गई देख दर्पण में खुद से लजा, मुझको हाथों से अपने सजाया करो। श्याम सखियों के मन को जलाया करो।। वेणु ऐसी बजाओ मगन मन रहूँ, रात दिन का विरह फिर भला क्यों सहूँ, रास गलियन में मेरी रचाया करो। प्रीत मधुबन हृदय में बढ़ाया मुझको हुआ कष्ट ने जब छुआ। ईश तेरे बिना कौन दूजा हुआ। पार जीवन की नौका लगाया करो। श्याम चरणों में अपने बिठाया करो। – अंशु विनोद गुप्ता

मत मारो उस मासूम कली को

मत मारो उस मासूम कली को उस कली को खिल जाने दो ईश्वर की उस अनमोल कृति को इस धरती पर आने दो उस बेटी को नवीन जीवन पाने दो इस धरती पर आने दो नवीन जीवन पाने दो।

– अश्क शायर

माटी में हम पाँव जमाएँ नभ से

माटी में हम पाँव जमाएँ नभ से फिर हम आस लगाएँ पवन समीरण दीप जलाएँ लहर लहर मधु घट छलकाएँ मुखमंडल ओजस्वी दमके वाणी प्रेम सुधा बरसाएँ चेतनता के स्वर फिर गूंजे चलो सृजन की पौध लगाएँ धुंध समय की गहरी है तो गीतों का इतिहास बनाएँ। – ज्योत्सना सक्सेना

अनबुझ सी खुद में सिमटी खुद

अनबुझ सी खुद में सिमटी,खुद को बुझ न पाई। दुनिया मुझ को ऐसे बुझे जैसे पालने से मुझे गोद खिलाई। खुद से प्रश्न करू हूँ कौन और क्या मैं?दुनिया ने मुझ पर कुँजी छपाई। कुछ रिक्त अरिक्त है कैसे खुद से ये दूरी मैं मिटा न अब तक पाई। – ऋतु दुबे

जो व्यक्ति आप को समझाए भी

जो व्यक्ति आप को समझाए भी और समझे भी वही व्यक्ति दिल के सबसे करीब होता है, परंतु आज के समय में ऐसा व्यक्ति नसीब वालों को ही मिलते हैं। भरोसा टूटने की आवाज भले ही ना होती हो, किंतु गूंज जिंदगी भर सुनाई देती है। – गौरी पटले

बाहर से सख्त दिखने वाला नारियल अपने

बाहर से सख्त दिखने वाला नारियल अपने अंदर जल की निर्मलता छुपा के रखता है, वही आम जैसा मीठा और रसेदार फल के अंदर कठोर गुठली होती है। तात्पर्य यह कि इंसान की सीरत उस के बाह्य रूप रंग से नही होती बल्कि अंदर छुपे हुए भाव से होती है। इंसान खुद को सात परतो में छिपा कर रखता है,समय और परिस्थितियों में ही वो भाव उजागर होते है। यथार्थ जो जैसा दिखता है, वैसा कदापि नही होता है।

– संध्या चतुर्वेदी

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) संविधान के किस अनुच्छेद में वयस्क मताधिकार को मान्यता दी गई है?
2) आय का वितरण किससे मापा जाता है?
3) किस प्रवास के प्रकारों में से भारत में गमनागमन में वर्ष 2011 में किसका सर्वाधिक हिस्सा है?
4) महात्मा गांधी द्वारा दक्षिण अफ्रीका में प्रकाशित समाचार पत्र का नाम क्या था?
5) सामिया सुलूहू हसन किस अफ्रीकी देश की पहली महिला राष्ट्रपति बनी?

उत्तरमाला- (1) अनुच्छेद-326 (2) लॉरेंज वक्र (3) गांव से गांव (4) दि इंडियन ओपिनियन (5) तंजानिया

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1630 स्पेन के सैनिकों ने इटली के मंतुआ प्रांत पर कब्जा किया। 1743 साप्ताहिक अखबार न्यूयार्क में दुनिया में पहली बार आधे पृष्ठ का विज्ञापन प्रकाशित। 1781 ब्रिटेन के विख्यात खगोल शास्त्री विलियम हरशल ने आकाशगंगा की वास्तविकता का पता लगाया। 1825 उरुग्वे ब्राजील से अलग हुआ। 1857 बंबई विश्वविद्यालय की स्थापना। 1872 ब्रिटेन में चुनाव में गुप्त मतदान अधिनियम आया। इससे पहले मतदान खुले तौर पर किए जाते थे। 1931 पहला वातानुकूलित पानी का जहाज 'मरिपोसा' शुरू ?हुआ। 1944 ब्रिटिश सैनिकों ने नॉरमैंडी की बोर्केबस पर्वतीय श्रृंखला पर कब्जा किया। 1951 उरुग्वे ने संविधान स्वीकार किया। 1955 पहली बार परमाणु ऊर्जा से उत्पादित बिजली को व्यावसायिक रूप से बेचा गया। 1968 अर्धचालक कंपनी इंटेल की स्थापना की गयी। 1977 वियतनाम संयुक्त राष्ट्र का सदस्य बना। 1980 पूर्ण रूप से भारत निर्मित उपग्रह 'रोहिणी-1' पृथ्वी की कक्षा में स्थापित। 1984 बेवर्ली बर्न्स दुनिया की पहली महिला बोइंग 747 कप्तान बनी। 1984 एक बंदूकधारी ने कैलिफोर्निया के सैन डिएगो के सैन य्सिड्रो अनुभाग में मैकडोनाल्ड के रेस्तरां में 21 लोगों की हत्या कर दी और 15 अन्य को घायल कर दिया। 2000 एलेक्स साल्मॉन्ट ने स्कॉटिश नेशनल पार्टी के नेता के पद से इस्तीफा दिया। 2011 अफगानिस्तान में नाटो सेनाओं की कमान अमेरिकी जनरल डेविड पेट्रायस से अमेरिकी मरीन कॉर्प्स लेफ्टिनेंट जेनरल जॉन आर एलन को स्थानांतरित।

पायल देव के साथ फिर धमाल मचायेंगे पवन सिंह

मुंबई (वार्ता)। भोजपुरी सिनेमा के पावर स्टार पवन सिंह एक बार फिर बॉलीवुड पार्श्वगायिका पायल देव के साथ पार्श्वगायन करते नजर आयेंगे।

पवन सिंह और पायल देव का पिछला गाना कमरिया हिला रही है खूब वायरल हुआ था। इसमें दोनों की गायिकी को खूब पसंद किया गया था। उसके बाद एक बार फिर दोनों साथ नजर आने वाले हैं। दोनो का गाना जल्द ही आने वाला है। इस गाने की शूटिंग अभी हाल ही में पूरी हुई है। बताया जा रहा है कि पवनङ्क पायल का यह गाना हिंदी-भोजपुरी मिक्स होगा, जिसे एक नए प्रयोग के रूप में देखा जा रहा है। दोनों के नए गाने को लेकर चर्चाएं तेज हो चुकी हैं और लोगों को इनके आने वाले गाने का बेसब्री से इंतजार भी है। इस गाने के बाद पवन सिंह संगीतकार जोड़ी मीत ब्रदर्स के साथ भी गाना लेकर आ रहे हैं।



शाहरूख को पसंद आई फरहान की तूफान

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान को फरहान अख्तर की फिल्म तूफान बेहद पसंद आयी है।

फरहान अख्तर की फिल्म 'तूफान' 16 जुलाई को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर 'अमेजॉन प्राइम वीडियो' पर रिलीज की गई है। फिल्म में फरहान अख्तर, मृणाल ठाकुर और परेश रावल अहम किरदार में हैं। फिल्म का निर्देशन राकेश ओमप्रकाश मेहरा ने किया है। शाहरुख खान फिल्म 'तूफान' बहुत ज्यादा पसंद आई है। शाहरुख ने फिल्म तूफान और फरहान अख्तर की तारीफकरते हुए ट्वीट किया है। शाहरुख खान ने अपने ऑफिशियल ट्विटर हैंडल से फरहान की फिल्म 'तूफान' का रिव्यू करते हुए लिखा है, ÷मेरे दोस्त फरहान अख्तर और राकेश ओम प्रकाश मेहरा को उनकी नई फिल्म 'तूफान' के लिए ढ़ेर सारी शुभकामनाएं। कुछ दिन पहले मुझे इस फिल्म को देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। यह फिल्म बेहद शानदार प्रदर्शन कर रही है। फिल्म को लेकर मेरा रिव्यू यही है कि हम सभी को 'तूफान' जैसी फिल्म बनाने की कोशिश करनी चाहिए और इस तरह की फिल्में ज्यादा से ज्यादा बननी चाहिए।

रणबीर-श्रद्धा ने शुरू की लव रंजन की फिल्म की शूटिंग

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के रॉकस्टार रणबीर कपूर और अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने अपनी आने वाली फिल्म की शूटिंग दिल्ली में शुरू कर दी है।

फिल्मकार लव रंजन की आने वाली फिल्म में रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर की मुख्य भूमिका है।फिल्म की शूटिंग इस साल की शुरुआत में जनवरी में नोएडा में शुरू हुई थी। अगला शेड्यूल जून में शुरू होना था, लेकिन कोरोना महामारी की दूसरी लहर के कारण इसमें देरी हुई। इस फिल्म की शूटिंग फिर शुरू हो गयी है। बताया जा रहा है कि फिल्म की टीम ने सितंबर में यूरोप जाने से पहले दिल्ली और मुंबई सहित देश के अन्य लोकेशंस पर शूटिंग करने की योजना बनाई है। फिल्म में डिंपल कपाड़िया और बोनी कपूर रणबीर कपूर के माता-पिता की भूमिका निभा रहे हैं।



आरआरआर में खतरनाक स्टंट करते नजर आयेंगे जूनियर एनटीआर

मुंबई (वार्ता)। दक्षिण भारतीय फिल्मों के जाने माने अभिनेता जूनियर एनटीआर, एस एस राजामौली की फिल्म आरआरआर में खतरनाक स्टंट करते हुये नजर आयेंगे।

एस एस राजामौली की फिल्म आरआरआर में जूनियर एनटीआर, राम चरन, अजय देवगन और आलिया भट्ट नज़र आयेंगे। आरआरआर को कई भाषाओं में रिलीज़ किया जाएगा। फिल्म की मेकिंग का वीडियो हाल ही में रिलीज किया गया है। इस वीडियो में जूनियर एनटीआर के खतरनाक स्टंट देखने को मिले हैं। इस वीडियो में, जूनियर एनटीआर, अपने फिटनेस कौशल के अनावरण के साथ साथ तलवारबाज़ी करते हुए नज़र आ रहे हैं। फिल्म में जूनियर एनटीआर कोमाराम भीम का किरदार निभाते नजर आयेंगे जिसके लिये उन्होंने खुद व्यक्तिगत रूप से शोध भी किया। भीम एक आदिवासी नेता थे, जो अन्य स्वतंत्रता सेनानियों की तरह प्रसिद्ध नहीं हैं।

न्यूज गैलरी

रिलायंस रिटेल की जस्ट डायल में नियंत्रक हिस्सेदारी

मुंबई (वार्ता)। देश की सबसे बड़ी निजी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के खुदरा कारोबार से जुड़ी कंपनियों का प्रबंधन करने वाली रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड ने जस्ट डायल में करीब 35 सौ करोड़ रुपए में नियंत्रक हिस्सेदारी लेने की घोषणा की है।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इस संबंध में जस्टडायल के प्रवर्तकओं के साथ एक करार किया गया है। रिलायंस रिटेल वेंचर लिमिटेड जस्ट डायल में 40.95 प्रतिशत हिस्सेदारी लेगी और 26 प्रतिशत हिस्सेदारी का ओपन ऑफर के तहत अधिग्रहण करेगी।

नजमा हेपतुल्ला ने भारतीय ओलंपिक दल को दी शुभकामनाएं

इम्फाल (वार्ता)। मणिपुर की राज्यपाल डॉ. नजमा हेपतुल्ला ने 23 जुलाई से शुरू होने वाले टोक्यो ओलंपिक खेलों में 85 पदक स्पर्धाओं में भाग लेने वाले 119 (67 पुरुष और 52 महिला) भारतीय एथलीटों को अपनी शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने उन लोगों के लिए राष्ट्र के गौरव को भी व्यक्त किया है, जिन्होंने वर्षों से ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। राज्यपाल ने विशेष तौर पर ओलंपिक में भाग ले रहे इम्फाल के पांच एथलीटों एमसी मैरी कॉम (मुक्केबाजी), सुशीला लिकमबम (जूडो), पुखरामबम सुशीला चानू (हॉकी), संगलकपम नीलकांत शर्मा (हॉकी) और सैखोम मीराबाई चानू (भारोत्तोलन) को शुभकामनाएं दी हैं।

जियो ने जोड़े श्रद्धा के डिजिटल तार

नई दिल्ली/श्रीनगर (वार्ता)। बाबा बर्फानी के करोड़ों भक्त अब उनके ऑनलाइन दर्शन कर सकेंगे। सुबह और शाम होने वाली बाबा की विशेष आरती, अब श्रद्धालु जियोटीवी पर लाइव देख सकते हैं। इसके लिए रिलायंस जियो ने खास इंतजाम किए हैं। श्री अमरनाथ जी से लाइव स्ट्रीमिंग के लिए जियोटीवी पर 'श्री अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड' नाम से एक नया चैनल शुरू किया गया है। भक्त अब वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ऐप जियोमीट के जरिए लाइव पूजा, लाइव हवन आदि भी करा सकते हैं। जियोमीट पर भक्तों को एक ऐसा वर्चुअल पूजाघर मिलेगा।

एल्सटॉम ने कम्युटर एवं ट्रांज़िट ट्रेनों का निर्माण किया शुरु

नई दिल्ली (वार्ता)। एल्सटॉम ने आरआरटीएस फेज़ 1 के दिल्ली-गाज़ियाबाद-मेरठ सेमी हाईस्पीड रेल कॉरिडोर के लिए रीज़नल कम्युटर एवं ट्रांज़िट ट्रेनों का निर्माण शुरू कर दिया। मई, 2020 में कंपनी को 210 रीज़नल कम्युटर एवं ट्रांज़िट ट्रेन कारों के डिज़ाईन, निर्माण व आपूर्ति तथा 15 सालों के लिए मेंटेनेंस सर्विस के लिए अनुबंध प्रदान किया गया था। रीज़नल कम्युटर एवं ट्रांज़िट ट्रेनों का निर्माण शुरू कर दिया। मई, 2020 में कंपनी को 210 रीज़नल कम्युटर एवं ट्रांज़िट ट्रेन कारों के डिज़ाईन, निर्माण व आपूर्ति तथा 15 सालों के लिए विस्तृत मेंटेनेंस सर्विस के लिए अनुबंध प्रदान किया गया था।

अनुबंध के मुताबिक, एल्सटॉम 30 रीज़नल कम्युटर ट्रेनसेट्स की आपूर्ति करेगा, जिनमें से प्रत्येक छः कारों की होगी और 10 मास ट्रांज़िट कारों में से प्रत्येक तीन कारों की होगी। देश के ÷आत्मनिर्भर भारत÷ के उद्देश्य एवं मेक-इन-इंडिया के दिशानिर्देशों के अनुरूप यह आरआरटीएस ट्रेनें 100 फीसदी देश में सवली (गुजरात) में एल्सटॉम की सुविधा में बनाई जाएंगी, जिनमें 80 फीसदी से ज्यादा लोकलाईज़ेशन है। यह सुविधा बोगी, कार बॉडी बनाएगी और ट्रेन की टेस्टिंग करेगी। प्रोपल्ज़न सिस्टम एवं इलेक्ट्रिकल्स मानेजा (गुजरात) में कंपनी की फैक्ट्री में बनाए जा रहे हैं। एल्सटॉम इंडिया के प्रबंध निदेशक एलेन स्पोह्रए ने कहा, ÷यह प्रोजेक्ट भारत के रीज़नल रेल सेगमेंट के लिए गेम-चेंजर है, जो लाखों लोगों को लाभान्वित कर सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान देगा। हमें देश की पहली सेमी हाई-स्पीड कम्युटर सेवा के लिए इन प्रौद्योगिकी की दृष्टि से उन्नत ट्रेनों का स्थानीय स्तर पर निर्माण शुरू करने की खुशी है। एल्सटॉम में हम सतत उत्पाद व समाधानों के विकास पर केंद्रित रहते हैं, जो आने वाले समय में दशकों तक शानदार काम करते रहें।÷

भारत के पहले रीज़नल रैपिड ट्रांज़िट सिस्टम (आरआरटीएस) के लिए ट्रेन का डिज़ाइन सितंबर, 2020 में प्रस्तुत किया गया। दिल्ली के प्रतिष्ठित स्मारक, लोटस टैंपल से प्रेरित, नई ट्रेनों का नया, आधुनिक एवं उन्नत लुक भारत की संपन्न विरासत एवं सततता के अद्वितीय संगम से मिलता-जुलता है। इन एनर्जी एफिशियंट सेमी हाई-स्पीड एयरोडाइनामिक ट्रेनों में लेटेस्ट तकनीकी फीचर्स होंगे, जो दिव्यांगों सहित सभी यात्रियों, कम्युटर्स को बेहतर अनुभव प्रदान करेंगे।

उमंग ऐप में मानचित्र सेवाओं की शुरुआत

नई दिल्ली (वार्ता)। डिजिटल इंडिया कार्यक्रम की पहल को और बढ़ाने के लिए, तथा 'आत्मनिर्भर भारत' की थीम को ध्यान में रखते हुए, एमईआईटीवाई ने मैप माई इंडिया के साथ एक समझौता ज्ञापन के माध्यम से ÷उमंग ऐप÷ में मानचित्र सेवाओं को सक्षम बना दिया है। उमंग के मैप माई इंडिया मानचित्रों के साथ एकीकरण के परिणामस्वरूप, नागरिक एक बटन के क्लिक पर अपने आस पास के निकटतम स्थान पर सरकारी सुविधाएं, जैसे मंडियां, ब्लड बैंक और बहुत कुछ जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। वे इसे मैप माई इंडिया द्वारा निर्मित भारत के सबसे विस्तृत और संवादात्मक सड़क और ग्राम स्तर के नक्शों पर भी देख सकेंगे। नागरिक उमंग ऐप और मैप माई इंडिया के बीच संपर्क के माध्यम से नेविगेशन के दौरान यातायात और सड़क सुरक्षा अलर्ट सहित स्थानों के लिए ड्राइविंग दूरी, दिशा-निर्देश और बारी-बारी से ध्वनि और दृश्य से मार्गदर्शन प्राप्त करने में सक्षम होंगे। उमंग ऐप ने निम्न सेवाओं में मैप माई इंडिया के माध्यम से मानचित्र कार्यक्षमता प्रदान करना शुरू कर दिया है जिसमे मेरा राशन - उमंग के माध्यम से, उपयोगकर्ता 'निकटतम उचित मूल्य की दुकानों' की पहचान और दिशा के बारे में पता कर सकते हैं क्योंकि मैपमाईइंडिया एकीकृत मानचित्र पर पॉइंटर्स के रूप में दुकानें दिखाई देती हैं। ई-नाम- उमंग के माध्यम से, 'मंडी नियर मी' सेवा उपयोगकर्ताओं को मानचित्र पर दिखाई गई पास की मंडियों को पहचानने और नेविगेट करने में मदद करेगी।दामिनी लाइटनिंग अलर्ट' सेवा उपयोगकर्ताओं को आस-पास के क्षेत्रों का एक दृश्य दिखाकर बिजली गिरने की चेतावनी प्रदान करने के लिए है जहां पिछले कुछ मिनटों में बिजली गिरी है।यह चेतावनी तंत्र मानचित्र पर बिजली गिरने की संभावना वाले स्थानों के बारे में जानकारी प्रदान करता है।

पैरा शटलर यतिराज और सरकार को मिला टोक्यो पैरालम्पिक के लिए कोटा

नई दिल्ली (वार्ता)। पैरा बैडमिंटन अगले महीने होने वाले टोक्यो पैरालम्पिक में अपना पदार्पण करेगा और भारत इन खेलों में हिस्सा लेने के लिए सात सदस्यीय मजबूत टीम भेजेगा। विश्व बैडमिंटन महासंघ ने शुक्रवार को भारत को दो बाईपरटाइट कोटा प्रदान किये हैं जिससे इन खेलों में हिस्सा लेने वाले भारतीय खिलाड़ियों की संख्या सात पहुंच गयी है।

सुहास एल यतिराज को पुरुष एकल एसएल 4 वर्ग में और सरकार को पुरुष एकल एसएल 3 वर्ग में कोटा प्रदान किया गया है। भारतीय बैडमिंटन टीम का नेतृत्व विश्व के नंबर एक खिलाड़ी प्रमोद भगत कर रहे हैं। भगत एसएल 3 वर्ग में उतरेंगे जबकि तरुण ढिल्लों एसएल 4 वर्ग में अपनी चुनौती पेश करेंगे। मुख्य राष्ट्रीय कोच गौरव खन्ना ने कहा, 'भारतीय पैरा शटलर्स अंतर्राष्ट्रीय इवेंट्स में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और अब उनके लिए पैरालम्पिक में अपनी छाप छोड़ने का समय आ गया है। पुरुष एसएल 3 और पुरुष एसएल 4 वर्गों में एक एक और खिलाड़ी मिलने से हमारी पदक सम्भावना बढ़ जाती है। उत्तर प्रदेश के नोयडा में डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट पद पर तैनात यतिराज को पैरालम्पिक में पदक जीतने का पूरा विश्वास है। एशियाई पैरा खेलों में कांस्य पदक जीत चुके यतिराज ने कहा,' नोयडा में डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट होने के नाते महामारी के दौरान यह बहुत ही चुनौतीपूर्ण समय था।

पेट्रोल 30 पैसे बढ़कर नए स्तर पर, डीजल स्थिर

नई दिल्ली (वार्ता)। एक दिन की शांति के बाद शनिवार को घरेलू स्तर पर पेट्रोल की कीमतों में 30 पैसे प्रति लीटर की वृद्धि की गई जिससे राजधानी दिल्ली सहित देश के आधिकांश हिस्सो में इसकी कीमत नए स्तर पर पहुंच गईं जबकि डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया।

गुरुवार को पेट्रोल 35 पैसे प्रति लीटर की वृद्धि के साथ नए रिकार्ड स्तर पर पहुंच गया था और डीजल 15 पैसे प्रति लीटर महंगा हो गया था।

दिल्ली में शनिवार की बढ़ोतरी के बाद पेट्रोल की कीमत 101.84 रुपये और मुंबई में 107.83 रुपये प्रति लीटर के पर पहुँच ग। अग्रणी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार शनिवार को पेट्रोल में 30 पैसे की बढोतरी की गई है। डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

वेस्ट इंडीज ने ऑस्ट्रेलिया से 4-1 से जीती टी-20 सीरीज

सेंट लूसिया (वार्ता)। वेस्ट इंडीज ने यहां शुक्रवार को पांचवें और आखिरी टी-20 मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 16 रन से हरा कर पांच मैचों की इस श्रृंखला को 4-1 से जीत लिया। सलामी बल्लेबाज एविन लुईस (79) और तेज गेंदबाज शेल्डन कॉटरेल (3/28) और आंद्रे रसेल (3/43) इस मैच में वेस्ट इंडीज की जीत के हीरो रहे। वेस्ट इंडीज की टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट गंवा कर 199 रन का विशाल स्कोर बनाया। जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम 20 ओवरों में नौ विकेट खो कर 183 रन बना सकी। सलामी बल्लेबाज एविन लुईस ने विस्फोटक अंदाज में खेलते हुए टीम को शानदार शुरुआत दी। चार चौकों और नौ छक्कों की मदद से उन्होंने 34 गेंदों पर 79 रन की तूफानी पारी खेली। उनके अलावा क्रिस गेल और कप्तान निकोलस पूरन ने भी छोटी तूफानी पारी खेली। गेल ने जहां दो चौकों और दो छक्कों की बदौलत सात गेंदों पर 21, वहीं पूरन ने एक चौके और तीन छक्कों के सहारे 18 गेंदों पर ताबड़तोड़ 31 रन बनाए। बल्लेबाजी में ऑस्ट्रेलिया पर हावी रहने के बाद विंडीज ने गेंदबाजी में भी ऑस्ट्रेलिया को चारों खाने चित कर दिया। शेल्डन कॉटरेल और आंद्रे रसल दोनों ने मिलकर छह चिकेट चटकाए।

बंगलादेश ने जिम्बाब्वे को 155 रन से पीटा

हरारे (वार्ता)। सलामी बल्लेबाज लिटन दास (102) के शानदार शतक और लेफ्ट आर्म स्पिनर शाकिब अल हसन (30 रन पर पांच विकेट) की घातक गेंदबाजी से बंगलादेश ने जिम्बाब्वे को पहले वनडे में शुक्रवार को 155 रन के बड़े अंतर से पीटकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। जिम्बाब्वे के कप्तान ब्रेंडन टेलर का यह 200वां मैच था लेकिन इस मैच में उन्हें करारी हार का सामना करना पड़ा। बंगलादेश ने लिटन दास के 114 गेंदों पर आठ चौकों की मदद से बने 102 रनों की बदौलत 50 ओवर में नौ विकेट पर 276 रन बनाये। जबकि जिम्बाब्वे की टीम 28.5 ओवर में मात्र 121 रन पर सिमट गयी।

जिम्बाब्वे के लिए विकेटकीपर रेजिस चकाब्वा ने सबसे ज्यादा 54 रन बनाये। बंगलादेश के लिए उसके स्टार आल राउंडर शाकिब ने 9.5 ओवर में 30 रन देकर पांच विकेट झटके। जिम्बाब्वे ने अपने आखिरी पांच विकेट मात्र 16 रन जोड़कर गंवा दिए।

डिजिटल पहल मस्ती की पाठशाला को छत्तीसगढ़ में डिजिटल माध्यम से दीक्षा प्लेटफॉर्म पर शुरू किया गया

ट्रांसफॉर्म स्कूल्स ने मस्ती की पाठशाला की शुरूआत की

रायपुर/नवप्रदेश। ट्रांसफॉर्म स्कूल्स ने मैरिको इण्डिया के सहयोग से छत्तीसगढ़ के सरकारी स्कूलों में राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (स्ष्श्वक्रञ्ज) और समग्र शिक्षा, छत्तीसगढ़ के साथ मिलकर मस्ती की पाठशाला की शुरुआत की है। 20 घंटे की खेल-खेल में सिखाने वाली मस्ती की पाठशाला को छत्तीसगढ़ में डिजिटल माध्यम से दीक्षा प्लेटफॉर्म पर शुरू किया गया है। मस्ती की पाठशाला के अंतर्गत 6-9 के छात्रों के लिए रोज गणित, विज्ञान और भाषाओं जैसी शैक्षणिक दक्षताओं और एस्ट्रोनॉमी, फोटोग्राफी, महामारी के दौरान किसी के मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल और पोस्टर बनाने जैसी मजेदार गतिविधियां शामिल की गयी है। ट्रांसफॉर्म स्कूल्स के कार्यकारी निदेशक पंकज विनायक शर्मा कहते हैं हमने गहराते स्वास्थ्य और आर्थिक संकट से जो सीखा है, वह यह है कि हम प्रतिक्रिया और पुनर्निमाण के प्रक्रिया पर निर्भर नहीं कर सकते। इसके बजाय, हमें दीर्घकालिक प्रभावों को रोकने की दिशा में काम करते हुए, अल्पावधि में सीखने और मानसिक स्वास्थ्य संकट को कम करने के लिए तेजी से नई आदतों को सीखना होगा। इसे ध्यान में रखते हुए, हमने एक सघन, स्व-चालित मस्ती की पाठशाला नामक खेल-खेल में सीखने वाला कार्यक्रम बनाया है, जो स्कूल स्तर के शिक्षण की दिशा में एक प्रभावी कदम होगा, और स्कूल खुलने पर सरकार के शिक्षण वृद्धि कार्यक्रम का ही भाग होगा। हम चाहते हैं कि प्रत्येक बच्चा इस कार्यक्रम में भाग ले सके और अपनी सीखने की यात्रा जारी रखे। इन गतिविधियों को पूरा कर के, फोटो खींचकर ममस्ती की पाठशाला अथवा ट्रांसफॉर्म स्कूल्ज को इंस्टाग्राम पर टैग करे। टॉप पांच गतिविधियों को ट्रांसफर ट्रस्ट द्वारा प्राइज दिए जाएंगे। ट्रांसफॉर्म स्कूल्स का उद्देश्य कोविड-19 के कारण लगातार होने वाले लॉकडाउन व स्कूलों के बंद होने से बच्चों के सीखने में आ रही कमी पर अंकुश लगाना है। इसमें 6 सप्ताह की अवधि में छात्रों को उनके अनुसार 20 घंटे के कार्यक्रम को पूरा करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।कार्यक्रम छात्रों को रचनात्मक कार्यों मे लगाएगा, सीखने में हो रही कमी को रोकेगा, और उन की सीखने की क्षमता की निरंतरता को सुनिश्चित करेगा जिस से कि छात्र डिजिटल या व्यक्तिगत रूप से स्कूल लौटने में सक्षम हों और वापस स्कूल जाने के इच्छुक हों।

मुख्य विशेषताएंः बुनियादी क्षमताओं का विकास, भावनात्मक आत्मचेतना का विकास, संचार कौशल का विकास, डिजिटल साक्षरता और सुरक्षा के बारे मे जागरूक बनाना।

संक्रमित होने के बाद के डी मिनौर ने ओलंपिक से वापस लिया नाम

सिडनी (वार्ता/शिन्हुआ)। ऑस्ट्रेलियाई टेनिस खिलाड़ी एलेक्स डी मिनौर ने कोरोना संक्रमित पाए जाने के बाद टोक्यो ओलंपिक से अपना नाम वापस ले लिया है। ऑस्ट्रेलियाई ओलंपिक समिति (एओसी) ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की है।

टोक्यो के लिए रवाना होने से पहले डी मिनौर ने जापान सरकार के दिशा-निर्देशानुसार 96 और 72 घंटे पहले अपना कोरोना टेस्ट कराया था और उनके दोनों टेस्टों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम के पुरुष खिलाड़ी के रूप में डी मिनौर एकल और युगल दोनों टूर्नामेंटों में प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार थे। एओसी के मुताबिक डी मिनौर पांच जुलाई को नेगेटिव आने के बाद से ऑस्ट्रेलियाई ओलंपिक टीम के अन्य सदस्यों के संपर्क में नहीं हैं। एओसी प्रमुख इयान चेस्टरमैन ने डी मिनौर के प्रति सहानुभूति व्यक्त करते हुए कहा, ÷ यह दुनिया की वास्तविकता है। जापान और ओलंपिक गतिविधियों को सुरक्षित और खेलों का सुरक्षित रूप से आयोजन सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी उपायों की आवश्यकता है। ऑस्ट्रेलियाई ओलंपिक टीम और जापानी समुदाय की सुरक्षा सर्वोपरि है और जो व्यवस्था लागू की गई है उसने अपना काम किया है। एलेक्स का ओलंपिक में शामिल न हो पाना हमारे और उनके लिए दुख की बात है।

किसानों को भ्रमित करना बंद करें नवीन मार्कंडेय : ब्लॉक कांग्रेस आरंग

आरंग। जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी ,ब्लॉक कांग्रेस ,शहर कांग्रेस ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर भाजपा अनुसूचित जाति के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक नवीन मार्कंडेय पर किसानों को गुमराह करने का आरोप लगाया नवीन मार्कंडेय अगर किसान हितेषी है तो केंद्र सरकार से मांग करें क्योंकि भारतमाला परियोजना केंद्र की योजना है। केंद्र सरकार की गाइडलाइन के अनुसार भूमि अधिग्रहण का अवार्ड पारित किया गया जिस पर फरवरी 2019 में केंद्र सरकार ने भारतमाला परियोजना में भूमि अधिग्रहण कर 02 गुना निर्धारित किया था जबकि राज्य में कांग्रेस की सरकार बनने के उपरांत केंद्र सरकार से किसानों की भूमिका उक्त परियोजना हेतु अधिग्रहण दर 04 गुना मुआवजा की मांग की जो कि मई 2019 में स्वीकार की गई क्योंकि फरवरी 2019 में जिन किसानों का भूमि का अवार्ड हुआ है वह केंद्र की नीतियों के चलते 02 गुना ही निर्धारण हुआ है जबकि मई 2019 में जिन किसानों का परियोजना हेतु अधिग्रहण अवार्ड हुआ है 4 गुना से हुआ है अब उसमें आरंग के किसानों की हो रही नुकसान के लिए केंद्र की मोदी सरकार जिम्मेदार है इस मामले में आरंग के पूर्व विधायक नवीन मार्कंडेय ओछी राजनीतिक कर किसानों को गुमराह करने का कार्य कर रहे हैं लेकिन आरंग की जनता समझदार है पूर्व विधायक नवीन मार्कंडेय को बहकावे में आने वाली नहीं है पूर्व विधायक नवीन मार्कंडेय आरंग के विकास कार्यों को देखकर बौखलाए हुए हैं

ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक (महिला) के पद हेतु पात्र-अपात्र सूची जारी

गरियाबंद। स्वास्थ्य सेवायें रायपुर के द्वारा प्रशिक्षित मितानिन से ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक (महिला) के पद पर सीधी भर्ती के पद पूर्ति हेतु छत्तीसगढ़ के निवासियों से आनलाईन आवेदन आमंत्रित की गई थी। तत्संबंध में इस कार्यालय द्वारा भर्ती प्रकिया के तहत 10 एवं 12 जुलाई 2021 को दस्तावेज सत्यापन कर पात्र/अपात्र अभ्यर्थी की सूची रोलनंबर अनुसार राज्य स्तर के विभागीय वेबसाईट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट सीजीहेल्थ डॉट एनआईसी डॉट इन (एबहीमंसजीण्दपबण्पद) एवं जिले के वेबसाईट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट गरियाबंद डॉट जीओवी डॉट इन (एहंतपइंदकण्हवअण्पद) में प्रकाशन कर दावा आपत्ति 19 जुलाई 2021 को सायं 5 बजे तक विभागीय ईमेल आई डी उपजंदपदकूंचजप2021हंत/हउंपसण्बवउ पर ऑनलाईन आंमत्रित किया गया है । उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

प्राकृतिक आपदा के एक प्रकरण में चार लाख रूपये की सहायता राशि स्वीकृत

गरियाबंद। प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के एक प्रकरण में मृतक के परिजन को कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर द्वारा 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार छुरा तहसील के ग्राम कोठीगांव निवासी 18 वर्षीय नंदनी नेताम की 20 सितम्बर 2020 को सर्पदंश से मृत्यु हो जाने के कारण मृतिका के निकटतम परिजन उनके पिता नंदलाल नेताम को 4 लाख रूपये की आर्थिक अनुदान सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के उपाध्यक्ष, सदस्य का दौरा कायक्रम

गरियाबंद। छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के उपाध्यक्ष सुश्री राजकुमारी दीवान 19 जुलाई को गरियाबंद जिले के दौरे पर रहेंगे। उनके साथ आयोग के सदस्य नितिन पोटाई एवं सचिव के.एस. ध्रुव भी दौरे पर रहेंगे। प्रोटोकॉल शाखा से मिली जानकारी के अनुसार उपाध्यक्ष एवं सदस्य द्वारा जिला कार्यालय के सभाकक्ष में सुबह 11 बजे गरियाबंद जिले से संबंधित प्रकरणों की सुनवाई एवं सामाजिक प्रमुखों से चर्चा की जायेगी। आयोग के उपाध्यक्ष सुश्री दीवान प्रातः 8 बजे रायपुर से प्रस्थान कर सवेरे 10:30 बजे विश्राम गृह गरियाबंद पहुंचेगें।

मारपीट के मामले में फरार दो आरोपी गिरफ्तार

खरोरा। दिनांक 04/07/21 को ख़रोरा के वार्ड क्रमांक 07 में जा कर आरोपी राजा डहरिया, ताराचंद उर्फ़गड्डा, गोपाल शर्मा, शाहिद उर्फ़सिकंदर व अन्य द्वारा

मोहनीश देवांगन आयु 21 वर्ष से पैसे की माँग कर मारपीट किए, प्रार्थी द्वारा विरोध करने पर दुकान में घुसकर प्रार्थी व उसके छोटे भई को लाठी, छड़, हॉकी से हमला कर फ़रार हो गये। सूचना मिलने पर ख़रोरा पुलिस द्वारा अपराध पंजिबद्ध कर आरोपियों की तलाश शुरू की गयी व मध्य प्रदेश के बिछिया से मामले संलिप्त तीन आरोपियों 1. ताराचंद उर्फ़ गड्डा पिता अलखराम यादव आयु 25 वर्ष निवासी ख़रोरा 2. गोपाल शर्मा पिता पुरुषोत्तम शर्मा आयु 26 वर्ष निवासी ख़रोरा व 3. शाहिद उर्फ़सिकंदर खान पिता इंतीयाज खान आयु 38 वर्ष निवासी ख़रोरा को पूर्व में गिरफ़्तार कीया गया था।अपराध में शामिल दो अन्य आरोपीयों राजा डहरिया उर्फ़राहुल पिता कमलनारायण आयु 23 वर्ष निवासी अमसेना व दीपेश मनिकपूरी पिता मनोज मानिकपूरी आयु 20 वर्ष निवासी ख़रोरा को आज गिरफ़्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

ग्राम फरहदा के आंगनबाड़ी में मनाया गया वजन त्योहार

खरोरा। ग्राम फरहदा के आंगनबाड़ी में वजन त्योहार का आयोजन किया गया था, यह वजन त्योहार सरकार के द्वारा चलाये जा रही एक महत्वकांक्षी योजना



है जिसमे बच्चों के वजन का तौल और ऊंचाई को नापते है और वहीं बच्चों के माता पिता को बच्चों के आहार पर ध्यान देने की बात करते है, इस कार्यक्रम में कोविड19 के प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए वजन त्योहार को सम्पन्न किया गया, जहां आंगनबाड़ी कार्यकर्ता माधुरी यादव के द्वारा विभाग की सभी महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में बताया गया, और वजन त्योहार के महत्व और उद्देश्य के बारे में पलकों व माताओ को जानकारी दी गईं। जहां कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महिला बालविकास की पर्यवेक्षक नीतू जयसवाल, जनपद सदस्य शेखर यादव, सरपंच शांता साहू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरस्वती टंडन सहियिका बुगली यादव रमशीला चंद्राकर साथ ही ग्राम के और भी नागरिक उपस्थित थे।

शास.ठा.दलगंजन सिंह विद्यालय फिंगेश्वर की प्रबंधन एवं विकास समिति की बैठक संपन्न

फिंगेश्वर। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की नए शिक्षा सत्र की प्रथम बैठक करोना प्रोटोकॉल का पालन करते हुए आज संपन्न हुई,जिसमें कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा पश्चात निर्णय लिए गए। सबसे पहले मुहल्ला क्लास लगाए जाने के विषय पर चर्चा की गई,जिस में विद्यालय के आस पास ऐसा कोई समुचित स्थान या भवन नहीं होना पाया गया जहॉ कि करोना प्रोटोकॉल का पालन करते हुए सुरक्षित अध्ययन अध्यापन किया जा सके।शाला में अधिकतर छात्र आस पास के गावों से भी आना जाना करते हैं,ऐसे में शाला समित ने छात्रों के हित में मोहल्ला क्लास चालू नहीं करने का निर्णय लिया है और ऑन लाइन अध्यापन कार्य हर संभव सुचारू रूप से चालू रखने का निर्णय लिया है। साथ ही शाला भवन के दीर्घ मरम्मत हेतु राशि तथा भौतिक एवं राजनीति शास्त्र के रिक्त विषय अध्यापकों की शासन से मॉग हेतु प्रस्ताव भेजने का भी निर्णय लिया गया है।

विशेष परियोजना ''उत्थान'' अंतर्गत प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण

- **उत्थान परियोजना अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजातियों का आर्थिक व सामाजिक संवर्धन किया जायेगा**

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद छत्तीसगढ़ राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा उत्थान परियोजना अंतर्गत राज्य स्तरीय तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 14 से 16 जुलाई, 2021 तक आयोजित किया गया। जिला पंचायत के सभाकक्ष में प्रशिक्षण का समापन कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर की उपस्थिति में संपन्न हुआ। समापन कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, नई दिल्ली से मुख्य प्रशिक्षक के रूप में डॉ. सीमा भास्करण, राष्ट्रीय मिशन प्रबंधक, एसआरएलएम के एलिस मनीषा लकड़ाए रीका शालिमा

खाखा एवं जगजीत मिंज-प्रोग्राम एक्सीक्यूटीव उपस्थित थे।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेश के 14 जिलो से सम्मिलित प्रतिभागी जिसमें यंग प्रोफेशनल, क्षेत्रीय समन्वयक एवं विकासखण्ड गरियाबंद एवं मैनपुर के कुल 11 आंतरिक सक्रिय महिला को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उत्थान परियोजना का मूल उद्देश्य विशेष पिछड़ी जनजातियों का आर्थिक व सामाजिक रूप से संवर्धन किया जाना है।

समापन कार्यक्रम में कलेक्टर श्री क्षीरसागर ने कहा कि जिलें में उत्थान परियोजना जिन ग्राम पंचायतों में लागू किया जा रहा है, उन ग्राम पंचायतों में जल मिशन कार्यक्रम को प्राथमिकता के साथ लागू किया जायेगा। बिहान का प्रमुख उद्देश्य आजीविका है जिससे महिलाओं को आर्थिक रूप से समृद्ध किया जा सकता है और सामाजिक रूप से पिछड़ी जनजातियों को समृद्ध किये जाने हेतु उत्थान परियोजना की शुरूआत बिहान के माध्यम से की जा रही है। उन्होंने जिलें में संचालित बिहान की गतिविधियों की प्रशंसा करते हुए उत्थान परियोजना के क्रियान्वयन व उत्कृष्ट कार्य करने हेतु मार्गदर्शन दिया।

शर्मनाक घटना : पिता ने अपने ही 4 वर्षीय बेटी के साथ किया दुष्कर्म

- **पुलिस ने गुरुवार को आरोपी पिता को जेल भेजा, पीड़ित बच्ची का कराया मेडिकल**

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। शहर में गुरूवार को एक शर्मनाक घटना हुई है। शहर में एक पिता ने अपने ही 4 वर्षीय बेटी का दुष्कर्म किया है। इस मामले में पुलिस ने गुरूवार को कार्रवाई करते हुए आरोपी पिता को जेल भेज दिया है। पूरा मामना कोतवाली थाना क्षेत्र का है। कोतवाली थाना प्रभारी मुकेश सोम ने बताया कि पीड़ित 4 वर्षीय बच्ची की मां ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि उसके बेटी के साथ पिता ने की दुष्कर्म किया है। मामने की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने आरोपी पिता को हिरासत में लिया और गुरूवार को ही कोर्ट में पेश किया गया,जिसे जेल भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी पिता शराब पीकर घर मे बच्चों व अपनी पत्नी के साथ मारपीट करता था। इस कारण उसकी पत्नी अपने मायके चली गई थी। वहां पता चला कि बच्चों के साथ भी मारपीट की गई है। फिर पीड़ित बेटी को घर से अपने मायके ले आई। इस दौरान बेटी के साथ हुई घटना के बारे में पता चला तो पुलिस के पास शिकायत दर्ज कराई है।

पिता ने बेटी के साथ मारपीट भी किया

इस पूरे मामले में पुलिस बारिकी से जांच कर रहीं है। बताया जा रहा है कि आरोपी पिता ने अपने 4 वर्षीय बेटी के साथ मारपीट भी किया था व उसका शोषण किया। ऐसे में पुलिस ने आरोपी पिता के खिलाफ धारा 376 व पास्को के तहत मामला दर्ज किया है। इस पूरे मामले में एक पहलु ये भी सामने आ रहा है कि आरोपी पिता पूर्व में भी शराब पीकर मारपीट करता था। आरोपी पिता की उम्र 38 से 40 वर्ष बताई जा रहीं है।

जिले में बढ़ रहीं दुष्कर्म के मामले

जिले में लगातार दुष्कर्म के मामले बढ़ते जा रहे है। अभी 2021 वर्ष पूरा नहीं हुआ है। लेकिन 6 माह के भीतर अब तक 42 मामले सामने आ चुके है। इसमें नाबालिग के साथ दुष्कर्म के मामले भी शामिल है। लेकिन पिता के द्वारा अपने ही सगे बच्ची के साथ दुष्कर्म का यह पहला मामला है। इससे पुलिस भी सकते में है। हालांकि पुलिस ने तुरंत कार्रवाई कर पूरे मामले को शांत करा लिया है। आरोपी की पकड़ में है और जेल भेज दिया है। इसी प्रकार पीड़ित बच्ची व उसके माता को काउंसिलिंग कराने की तैयारी है। क्योंकि इस घटना ने उन्हे झकझोर कर रख दिया है।

जिले में दुष्कर्म संबंधित आंकड़े

वर्ष	आंकड़े		
2010	21	2017	36
2011	23	2018	42
2012	22	2019	55
2013	30	2020	62
2014	40	2021	41
2015	29		
2016	40		

(जून माह तक)

नोट : आंकड़े पुलिस विभाग के पोर्टल अनुसार।

क्रेडा सदस्य कन्हैया अग्रवाल को नपा अध्यक्ष ऋषि शर्मा ने दी बधाई

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी कवर्धा के अध्यक्ष व छत्तीसगढ़ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव कन्हैया अग्रवाल को छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास प्राधिकरण क्रेडा के सदस्य बनाये जाने पर नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा में उनके निवास जाकर बधाई दिए।

छत्तीसगढ़ के माननीय मुख्यमंत्री द्वारा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष के अनुमोदन के बाद कल छत्तीसगढ़ शासन के माटी कला बोर्ड, क्रेडा विभाग, योग आयोग सहित अन्य निगम मंडलों में अध्यक्ष सदस्यों की नियुक्ति की गई। जिसमे कवर्धा शहर के वरिष्ठ कांग्रेसी श्री कन्हैया अग्रवाल जी को राज्य अक्षय ऊर्जा विकास प्राधिकरण का सदस्य नियुक्त किया गया है । श्री अग्रवाल की नियुक्ति से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। उन्होंने श्री अग्रवाल की क्रेडा में सदस्य नियुक्ति के लिए कैबिनेट मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर भाई का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया है।

शराब कोचियों तथा सटोरियों पर अंबागढ़ चौकी पुलिस की कार्यवाही जारी

2 शराब कोचियों तथा 1 सटोरियों के विरूद्ध कार्यवाही

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिले में वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा-निर्देश पर जिले में चलाये जा रहे अभियान के तहत अवैध शराब कोचियों तथा सटोरियों के विरूद्ध कार्यवाही के तारतम्य में थाना अंबागढ़ चौकी द्वारा थाना क्षेत्र के अवैध शराब कोचियों तथा सटोरियों की धरपकड़ हेतु विशेष टीम गठित कर विगत 4 दिवस में 2 आबकारी अधिनियम तथा 1 सट्टा एक्ट के तहत कार्यवाही कर क्रमशः अपराध क्रमांक 129/2021 धारा 4 क जुआ एक्ट में आरोपी धनाजी विश्वकर्मा पिता कंगलू राम विश्वकर्मा उम्र 36 साल साकिन सेम्हरबांधा थाना अं. चौकी से नगदी रकम 1700 रूपये, एक नग सट्टा पट्टी, एक नग डाट पेन अपराध क्रमांक 130/2021 धारा 34, आबकारी व एक्ट में आरोपी पवन गोस्वामी पिता ईश्वर भारती गोस्वामी उम्र 53 सला साकिन वार्ड क्रमांक 8 अं. चौकी हाल हिन्दुस्तान ढाबा कोटरा (बांधाबाजार) के कब्जे से 17 पौवा देशी प्लेन मदिरा किमती 1360 रूपये, अपराध क्रमांक 132/2021 धारा 34-ए आबकारी एक्ट में प्रमोद कुमार जैन पिता स्व. रमेश कुमार जैन उम्र 45 साल साकिन बांधाबाजार बाजार गली थाना अं. चौकी के कब्जे से 11 पौवा देशी प्लेन शराब किमती 880 रूपये एवं 9 पौवा गोवा विस्की 1080 रूपये तथा बिक्री रकम 950 रूपये जुमला 2910 रूपये जप्त किया गया। उक्त अपराधो से कुल 6.660 बल्क लिटर शराब बरामद किया गया। थाना प्रभारी अंबागढ़ चौकी ने बताया कि ऐसी कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

कोरोना पॉजिटिव...

इसके अलावा, TB-COVID और TB-ILI/SARI की द्वि-दिशात्मक जांच (Bi-directional screening) की आवश्यकता को दोहराते हुए स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा कई सलाह और मार्गदर्शन भी जारी किए गए हैं. कई राज्य और केंद्र शासित प्रदेश इसे लागू भी कर रहे हैं. कोरोना महामारी की वजह से कई पाबंदियों की वजह से, 2020 में टीबी के लिए केस नोटिफिकेशन में करीब 25त्न की कमी आई थी, लेकिन सभी राज्यों द्वारा समुदाय में ओपीडी सेटिंग्स में गहन केस फाइंडिंग के साथ-साथ एक्टिव केस फाइंडिंग अभियानों के माध्यम से इस प्रभाव को कम करने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं. इसके अलावा, वर्तमान में यह बताने के लिए पर्याप्त सबूत नहीं हैं कि कोरोना के कारण टीबी के मामलों में वृद्धि हुई है या केस खोजने के प्रयासों में वृद्धि के कारण टीबी के मामलों में वृद्धि हुई है. टीबी (तपेदिक) और कोरोना की दोहरी मोर्बिडीटी को इस तथ्य के माध्यम से और अधिक उजागर किया जा सकता है कि दोनों रोगों को संक्रामक माना जाता है और खासतौर से फेफड़ों पर हमला करते हैं. खांसी, बुखार और सांस लेने में कठिनाई के समान लक्षण पेश करते हैं.

कोरोना की रिकवरी...

सामने आने के साथ ही संक्रमितों का आंकड़ा बढ़कर तीन करोड़ 10 लाख 64 हजार 908 हो गया है। इस दौरान 43 हजार 916 मरीजों के स्वस्थ होने के बाद इस महामारी को मात देने वालों की कुल संख्या बढ़कर तीन करोड़ दो लाख 27 हजार 792 हो गयी है। सक्रिय मामले 6397 घटकर चार लाख 24 हजार 25 हो गये हैं। इसी अवधि में 560 मरीजों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर चार लाख 13 हजार 91 हो गया है। देश में सक्रिय मामलों की दर घटकर 1.36 फीसदी, रिकवरी दर बढ़कर 97.31 फीसदी और मृत्यु दर 1.33 फीसदी है। महाराष्ट्र में पिछले 24 घंटों के दौरान सक्रिय मामले 5858 घटकर 104647 हो गये हैं। इसी दौरान राज्य में 13452 मरीजों के स्वस्थ होने के बाद कोरोनामुक्त होने वालों की तादाद बढ़कर 5965644 हो गयी है जबकि 167 मरीजों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 126727 हो गया है।

एनटीपीसी कोरबा ने...

सुनिश्चित करके, देश की सेवा कर रहा है। 66085 मेगावाट स्थापित क्षमता के साथ ही, हाल ही में एनटीपीसी समूह ने वर्तमान वित्त वर्ष के दौरान 100 बिलियन यूनिट उत्पादन के लक्ष्य को प्राप्त किया है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने में कोरबा स्टेशन ने प्रमुख योगदान दिया है,जो मील के पत्थर साबित हुआ। विद्युत उत्पादन में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने के साथ ही, कोरबा स्टेशन को भारतीय उद्योग परिसंघ, मिशन एनर्जी फाउंडेशन, ग्रीनटेक और सोशल ऑडिट 8000 जैसी प्रमाणन एजेंसियों द्वारा भी सम्मानित किया गया है। एनटीपीसी पश्चिम क्षेत्र - II के अंतर्गत छत्तीसगढ में तीन स्टेशन सीपत, कोरबा तथा लारा एवं मध्य प्रदेश में 2 स्टेशन गाडरवारा और खरगोन शामिल हैं। विश्वरूप बसु, कार्यपालक निदेशक तथा पी राम प्रसाद महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) ने प्रसन्नता प्रकट करते हुए कहा कि यह उपलब्धि नैतिक कार्य संस्कृति को अपनाने के साथ ही एनटीपीसी कोरबा का समर्पित टीम कार्य का परिणाम है। इस उपलब्धि पर क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशक(पश्चिम- II) संजय मदान ने टीम कोरबा को बधाई दी और कहा कि टीम कोरबा ने हमेशा ही अनुकरणीय प्रदर्शन किया है और यह उपलब्धि, इसका एक स्थायी प्रमाण है।

निलंबित आईपीएस जीपी...

दौरान करीब 10 करोड़ की आय से अधिक संपत्ति का खुलासा हुआ था। इसके बाद सरकारी आवास के नाले से मिली डायरी में सरकार के खिलाफ साजिश जैसे दस्तावेज मिलने के बाद ईओडब्ल्यू ने 9 जुलाई को कोतवाली थाने में जीपी सिंह के खिलाफ राजद्रोह का मामला दर्ज किया था। हालांकि इस मामले में जीपी सिंह हाईकोर्ट भी पहुंच चुके हैं। जिसकी सुनवाई मंगलवार को होगी। इधर, जीपी सिंह के मामले में पुलिस और ईओडब्ल्यू दोनों जांच कर रहे हैं, जिसमें कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और दस्तावेज भी मिले हैं। जिसे साइबर सेल को सौंप दिया गया है ताकि सबूत जुटाकर जीपी सिंह के खिलाफ अलग से मामला दर्ज किया जा सके। ऐसा ही एक दुसरा मामला नक्सलियों से जुड़ा है। जीपी सिंह पर आत्मसमर्पित नक्सली पहाड़ सिंह से दो करोड़ रुपये की हेराफेरी करने का आरोप है। जीपी सिंह पर पैसे के गबन के साथ नक्सलियों से सांठगांठ का भी आरोप लगाया गया है। इस मामले में दुर्ग आईजी विवेकानंद सिन्हा को जांच की जिम्मेदारी दी गई है। इधर तीसरे मामले में मंजीत कौर बल ने आरोप लगाया है कि 2016 के एक मामले में आरोपी कमला कांत तिवारी को बचाने में जीपी सिंह की गंभीर भूमिका थी। मंजीत कौर ने डीजीपी से मामले की जांच कराने की मांग की है। अब इस मामले की जांच रायपुर के आईजी डॉ. आनंद छाबड़ा करेंगे। ऐसे में जीपी सिंह तीन पुराने मामलों पर घिरे नजर आ रहे हैं। अब इन पुरानी फाइलों के खुलने से कई और तथ्य जीपी सिंह के खिलाफ जा सकते हैं।

'दोनों नदी के दो छोर', पीएम...

में पहले उनकी प्रधानमंत्री से फोन पर बात हुई थी। उसी संदर्भ में आज दिल्ली में उन्होंने मुलाकात की। इसके अलावा कोरोना टीके की कमी पर भी चर्चा हुई।' देवेंद्र फड़णवीस और शरद पवार की दिल्ली में किसी भी तरह की मुलाकात से भी उन्होंने इनकार किया। साथ ही उन्होंने कहा, 'शरद पवार की प्रधानमंत्री से जो मुलाकात हुई, उसकी जानकारी कांग्रेस और मुख्यमंत्री को थी। कोई ये अचानक से मीटिंग नहीं हुई है।

भाजपा कार्यसमिति की...

के पहुंचने से पहले सभी अपना-अपना रिपोर्ट कार्ड बनाने में लगे रहे। बैठक में 5 सेट में तैयार प्रेजेंटेशन के साथ नेताओं को बुलवाया गया है। तीन सेट शिवप्रकाश, डी पुरंदेश्वरी और नितिन नबीन को दिए जाएंगे। बाकि के दो सेट प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश संगठन महामंत्री के पास रहेगा।

इस सेट में मोर्चा प्रमुखों को बताना होगा कि उन्होंने अब तक कितनी नियुक्तियां की, राजनीतिक तौर पर किस तरह की गतिविधियां रहीं, लोगों के बीच किन मुद्दों को लेकर गए। उनका क्या असर रहा। आने वाले दिनों में किस तरह से काम करेंगे, सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ पार्टी किस तरह कदम उठाए, इन सबकी जानकारी प्रमुखों को देना होगा। तीनों बड़े नेताओं के रवैये से ये माना जा रहा है खराब परफॉर्मेंस वाले नेताओं को बदलकर दूसरों को अवसर दिया जाएगा।

नियुक्तियों पर पुरंदेश्वरी ने लगाया क्लास

भाजपा संगठन के कई पद अभी भी खाली है। अब जिनमें हुई है, उसमें भी काफी देर हुई। जिसे लेकर प्रदेश प्रभारी डी. पुरंदेश्वरी ने वरिष्ठ पदाधिकारियों को तलब किया और उनसे नियुक्यिों में देरी का कारण भी पूछा। आपको बताते चले कि छत्तीसगढ़ प्रभारी डी. पुरंदेश्वरी हमेशा से ही पार्टी को निचले स्तर पर मजबूत करने की बात पर जोर देते रहे हैं। इसलिए वे नियुक्तियों को लेकर खासे नाराज दिखे। जानकार बताते कि भाजपा में वरिष्ठ नेताओं की आपसी अनबन की वजह से ही ये देरी हुई है। इस खामी को दूर करने पर भी नेताओं ने इस बैठक में जोर दिया।

न्यायालय तहसीलदार भाटापारा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202107210500013/अ-6/ वर्ष 2020-21 ग्राम-धुर्राबांधा प.ह.नं. 44

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजकुमार उर्फ राजेन्द्र कुमार अग्रवाल पिता वासुकी कुमार अग्रवाल निवासी सिनेमा लाईन शंकर वार्ड भाटापारा तहसील भाटापारा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के द्वारा ग्राम धुर्राबांधा प.ह.नं. 44 रा.नि.मं. पटपर तहसील भाटापारा में स्थित भू-स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 287/1, 357 रकबा क्रमशः 12.4050, 1.8700 हे. कुल खसरा नं. 02 योग रकबा 14.2750 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में कुसुम बाई पति वासुकी कुमार अग्रवाल के नाम पर दर्ज है, जिसके मृत्यु दिनांक 13/03/2018 को हो जाने के कारण मृतक के विधिक वारिसान के रूप में पुत्र सुर्यकुमार, राजकुमार दोनों पिता वासुकी कुमार अग्रवाल एवं दो पुत्रियां सुकन्य बाई, संतोषी बाई पिता वासुकी कुमार अग्रवाल के नाम पर फौती नामांतरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र मय मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 30/07/2021 को सुनवाई हेतु नियत है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा/ आपत्ति प्रस्तुत करना है तो सुनवाई हेतु नियत दिनांक 30/07/2021 तक स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से नियत समय व स्थान में दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 05/07/2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील

तहसीलदार
भाटापारा (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी बोड़ला, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202107080100006 ब-121 वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री नीलेश भाई पटेल आ. बाबूभाई पटेल निवासी खरहट्टा अध्यक्ष श्री सिद्ध बाबा और पाट धाम सनातन ट्रस्ट खुरमुंडा के द्वारा लोक न्यास श्री सिद्ध बाबा औसर पाट धाम सनातन ट्रस्ट ग्राम खुरमुंडा तहसील बोड़ला का लोक न्यास अधिनियम (1951 (1951 का 30) की धारा 4 के अंतगर्तत लोक न्यास के पंजीकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उपरोक्त संबंध में नियमावली इस न्यायालय में अवलोकन हेतु उपलब्ध है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी को नियमावली अवलोकन करना हो अथवा दावा आपत्ति पेश करना हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 18/08/2021 को प्रातः 11.00 बजे तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। उपरोक्त तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12/07/2021 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया

जारी दिनांक 12/07/2021
पेशी दिनांक 18/08/2021

सील

अनुविभागीय अधिकारी
(राजस्व) बोड़ला

न्यायालय तहसीलदार भाटापारा, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202107210500023
अ/6 वर्ष 2020-21
ग्राम- धुर्राबांधा प.ह.नं. 44

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजकुमार उर्फ राजेन्द्र कुमार अग्रवाल निवासी सिनेमा लाईन भाटापारा तहसील भाटापारा, जिला-बलौदाबाजार- भाटापारा (छ.ग.) द्वारा ग्राम धुर्राबांधा प.ह.नं. 44 रा.नि.मं. पटपर तहसील भाटापारा में भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 245, 247, 248/1, शामिल 248/2, 252 शामिल 254, 256, 259, 260, 261, 272, 279, 293 रकबा क्रमशः 0.4210, 1.2380, 0.3440, 1.4170, 0.7330, 0.4290, 1.0190, 1,9250, 0.4740, 1.6270, 1.6020 हे. कुल खसरा 11 योग रकबा 11.2290 हे. लगान 23.75 रु. राजस्व अभिलेख में रानीबाई पिता वासुकी कुमार अग्रवाल के नाम पर दर्ज है जिसकी मृत्यु दिनांक 05/04/1998 हो तथा उसके पति कामता प्रसाद अग्रवाल की मृत्यु दिनांक 01/02/2001 तथा उसके पुत्र महेश कुमार पिता कामता प्रसाद की मृत्यु दिनांक 11/05/2018 को हो जाने से राजस्व अभिलेख में उनका नाम विलोपित कर उसके विधिक वारिसानों के नाम पर नामांतरण दर्ज किए जाने हेतु पेश किया है। तत्संबंध में इस न्यायालय के रा.प्र.क्र. अ/6 वर्ष 2020-21 प्रकरण विचाराधीन है तथा दिनांक 30/07/2021 को सुनवाई हेतु नियत है।

उपरोक्त भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो सुनवाई हेतु नियत 30/07/2021 को स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, निश्चित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतः उपरोक्त ईश्तहार आज दिनांक 05.07.2021 को मेरे हस्ताक्षर वो न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

सील

तहसीलदार
भाटापारा (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक – चन्द्रशेखर धोटे
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

न्यूज गैलरी

शाम से रात तक रेत की अवैध उत्खनन पर जिम्मेदार अधिकारी खामोश

देवभोग/नवप्रदेश। 2 दिन की धरपकड़ कार्यवाही के बाद अवैध रेत निकासी और भी ज्यादा बढ़ गया है जिसे लेकर जिम्मेदारों पर तरह-तरह के सवाल खड़ा किया जा रहा है क्योंकि वर्तमान में तेल नदी घाट पर शाम 6:00 बजे से लेकर पूरी रात ट्रैक्टर से बालू निकाला जा रहा है और मजबूरी का फायदा उठाते हुए प्रति ट्रिप 3 से 5000 में खफा कर रेत माफिया मालामाल हो रहे हैं लेकिन इसका भाग गरीब तबका और निर्माण कार्य करने वाले ठेकेदारों पर पढ़ रहा है बावजूद इसके अधिकारियों के कानों में जूं तक नहीं रेंग रहा जबकी कुम डई करला गुड़ा खोकसारा में बेधड़क बालू की अवैध उत्खनन हो रहा है जिसे देख किसान और आम ग्रामीण भी चिंतित है क्योंकि रेत माफिया द्वारा लगातार रेत निकासी से आजू बाजू की भूमि का कटाव होने का डर हमेशा बना होता है इसके अलावा भारी ट्रैक्टर से छोटे-छोटे पुलिया पर भी असर होता है बावजूद इसके आज तक अवैध कारोबारियों के खिलाफ कोई बड़ी कार्यवाही नहीं हो पाया। यही वजह है कि इस बार आम लोगों के अलावा किसानों में भी अवैध उत्खनन को लेकर रोष देखा जा रहा है। गौरतलब हो की पूरनापानी घाट पर रेप की उत्खनन करने के लिए शासन द्वारा अनुमति दिया गया है और हमेशा की तरह इस बार भी बरसात के दौरान रेत उत्खनन पर पाबंदी लगा हुआ है ।

शासकीय कमला देवी राठी महिला महाविद्यालय में 15 दिवसीय विशेष मार्गदर्शन क्लासेज का आयोजन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शासकीय कमला देवी राठी महिला महाविद्यालय के राजनीति

विज्ञान विभाग में विगत दिनों यूजीसी नेट, जेआरएफ पात्रता परीक्षा की तैयारी हेतु एक 15 दिवसीय विशेष मार्गदर्शन क्लासेज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेषज्ञ के रूप में सुश्री रश्मि मौर्य (शोध छात्र, पंडित जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी, दिल्ली) द्वारा नेटए जेआरएफ राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा के संपूर्ण पाठ्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। राजनांदगांव जिले में स्थित अन्य महाविद्यालयों, जैसे बाबा साहेब आंबेडकर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगांव, शासकीय महाविद्यालय अर्जुंदा तथा शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव के विद्यार्थियों ने भी कार्यक्रम में भाग लेकर अपना ज्ञानवर्धन किया। सहभागी विद्यार्थियों ने प्रतिदिन प्रश्न पूछ-पूछकर परीक्षाओं में आने वाली कठिनाइयों का भी निराकरण भी किया। कार्यक्रम का संचालन मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष एवं महाविद्यालयीन कैरियर गाइडेंस सेल के संयोजक डॉ. बसंत कुमार सोनबेर द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती सुमन सिंह बघेल के उद्बोधन के साथ हुआ। प्राचार्य ने कहा कि महाविद्यालय तथा राजनांदगांव जिले के छात्राओं के लिए यह एक सुनहरा अवसर है।

2 साल से फरार आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

राजनांदगांव/नवप्रदेश। प्रार्थी के द्वारा 16 जून 2019 को प्रार्थी द्वारा थाना अंबागढ़ चौकी

ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि इनकी नाबालिक लड़की को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर भगा ले जाने की सूचना घर रिपोर्ट दर्ज कराया था। रिपोर्ट पर थाना अं. चौकी में अपराध क्रमांक 119/2029 धारा 363 भादंवि कायम कर अपहृत बालिका विवचना दौरान दिनांक 13 जुलाई 2021 को बरामद कर उनके परिजन को सुपुर्द किया गया था। आरोपी घटना दिनांक से ही लगातार फरार था। लगभग 2 साल तक पुलिस उसे ढूंढती रही।

कलेक्टर ने किया निर्माणाधीन नवोदय विद्यालय भवन का निरीक्षण

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान ने ग्राम बहेरा (कुसमी) में लगभग 33 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे जवाहर नवोदय विद्यालय भवन का निरीक्षण किया। वर्तमान में 30 एकड़ में केंद्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा इसका निर्माण किया जा रहा है। कलेक्टर ने 30 दिसंबर 2021 तक इसे पूर्ण करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि भवन बनकर तैयार हो चुका है आंतरिक साज-सज्जा का कार्य जारी है। इसके बन जाने से जिले में शिक्षा के क्षेत्र में एक और कड़ी जुड़ जाएगी। कलेक्टर ने जवाहर नवोदय विद्यालय के अंतर्गत विद्यालय प्रबन्धन समिति की बैठक में शामिल हुए। कलेक्टर द्वारा नवोदय विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया। अपने प्रवास के दौरान कलेक्टर ने ग्राम खुड़मुड़ी में मोहल्ला क्लास का निरीक्षण किया। कोरोना महामारी के कारण शिक्षा विभाग द्वारा मोहल्ला क्लास का संचालन किया जा रहा है।

...तो मौत के जिम्मेदार होंगे मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अधीक्षक

संजय सिंह राजपूत

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार सरकारी अस्पतालों में इलाज के लाख दावे करें, लेकिन हकीकत कुछ और ही है, यहां तो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ऐसा हाल है के लोगों को 2 दिनों तक सिटी स्कैन की रिपोर्ट तक नहीं मिल पा रही है, इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि अगर कोई दुर्घटना के चलते इमरजेंसी इलाज के लिए अगर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती होता है, तो उसकी जान कितनी सुरक्षित है और ऐसे विपरीत हालात में अगर दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति की जान जाती है तो इसके लिए

कौन जिम्मेदार है।

छत्तीसगढ़ सरकार के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव की लाख कोशिशों के बावजूद मेडिकल कॉलेज अस्पताल की व्यवस्था में कोई भी सुधार नहीं आ रहा है, यहां करोड़ों रुपए खर्च करके भी सरकार आम जनता को स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया नहीं करा पा रही है, इसके पीछे जिम्मेदार हैं। अस्पताल की जिम्मेदारी संभालने वाले लोग जिनके कानों में मंत्रियों के आदेश भी कोई मायने नहीं रखते यहां के जिम्मेदार एक कान से मंत्री के आदेश को सुन रहे हैं और दूसरे कान से उसे निकाल रहे हैं,

2 दिन से नहीं मिल पाई सीटी स्कैन की रिपोर्ट

3 दिन पहले सड़क दुर्घटना में घायल हुए अनिल वर्मा को दुर्घटना के बाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया, जहां उनकी स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने सीटी स्कैन करने की सलाह दी परिजनों ने उनका सिटी स्कैन मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ही कराया, लेकिन रिपोर्ट के लिए तकरीबन 2 दिन तक में भटकते ही रहे अंततः थक हार कर मरीज के परिजनों ने प्राइवेट अस्पताल की शरण ली और मेडिकल कॉलेज अस्पताल से रिफर हो गए।

जब फोन नहीं उठाते तो खामियां कैसे जानेंगे

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में अवस्थाओं का अंबार लगा हुआ है, लेकिन तमाम खामियों के बावजूद भी यहां की व्यवस्था संभाल रहे अधीक्षक संदीप चंद्राकर को इन सब मामलों से कोई तालुकात नहीं है, मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक संदीप चंद्राकर मीडिया से भी कोसों दूरी बनाए हुए हैं, यही कारण है कि जब मेडिकल कॉलेज अस्पताल की खामियां मीडिया के जरिए उन तक पहुंचाने की कोशिश की जाती है तो ना वे फोन उठाते हैं और ना ही फोन पर समस्याओं को लेकर के चर्चा करते हैं, ऐसी स्थिति में समाधान की उम्मीद उनसे करना बेमानी ही है।

यही कारण है कि अब तक के मेडिकल कॉलेज अस्पताल की व्यवस्था में कोई भी सुधार नहीं देखा जा रहा है हालांकि मेडिकल कॉलेज अस्पताल की व्यवस्था सुधारने के लिए स्वास्थ्य मंत्री ने अधीक्षक भी बदल डाले, लेकिन कोई भी सुधार अब तक व्यवस्था में नहीं देखने को मिला है अब हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं।

इंदिरा सरोवर में असामाजिक तत्वों का डेरा

नशे में धुत युवक कभी भी दे सकते हैं गंभीर घटना को अंजाम

राजनांदगांव। शहर के इंदिरा सरोवर इलाके में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा बढ़ता ही जा रहा है, लगातार ऐसे इलाके में अनैतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने वाले लोगों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है, ऐसी स्थिति में इंदिरा सरोवर इलाके का माहौल खराब हो रहा है। वहीं कोतवाली पुलिस की लचर कार्यशैली से और खराब पेट्रोलिंग के चलते यहां पर जमवाड़ा लगाने वाले असामाजिक तत्व आसपास निवास करने वाले लोगों के लिए भी मुसीबत बने हुए हैं।

इंदिरा सरोवर इलाके में आए दिन असामाजिक तत्वों का डेरा लगा रहता है, यहां पर जुआ-सट्टा और शराब का नशा करने वाले आसानी से देखे जा सकते हैं।

इसके अलावा डेरा जमा कर बैठे हुए लोग खुलेआम यहां शराब पीते हैं और आसपास से गुजरने वाले लोगों को गाली-गलौज करते हैं, कई बार संभ्रांत परिवार के लोगों ने ऐसे लोगों का विरोध किया, लेकिन उन्हें भी डरा धमका कर चुप करा दिया जा रहा है।

पिछले तकरीबन 6 माह से लगातार इस इलाके को शराबियों ने मयखाना बना कर रख दिया है, यहां से शराब बेचने का काम भी खुलेआम किया जा रहा है।

वहीं सरोवर के किनारे शाम ढलते ही शराबियों का बड़ा जमवाड़ा देखने को मिलता है, इसके चलते यहां से गुजरने वाली महिलाओं को भी कई बार शर्मनाक की स्थितियों का सामना करना पड़ रहा है।

पेट्रोलिंग पार्टी से सब की सेटिंग!

बताया जाता है कि कई बार इन असामाजिक तत्व के लोगों को पुलिस की पार्टी ने हिदायत दी, लेकिन अंततः पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी के साथ इन असामाजिक तत्वों की सांठगांठ हो गई है, यही कारण है कि इस इलाके से गुजरने के बाद भी ऐसे लोगों को ना तो यहां से हटाया जाता है और ना ही उन पर कोई कार्रवाई की जा रही है इसके चलते असामाजिक तत्वों के हौसले भी बुलंद है इनमें ऐसे लोग शामिल हैं जो आए दिन तालाब के किनारे घंटों बैठकर शराब पीते हैं और जुआ खेलते हैं, इन्हीं लोगों के कारण आसपास के लोगों का माहौल भी खराब हो रहा है।

राष्ट्रीय सचिव चंदन का ब्लॉक कांग्रेस कमेटी साजा अध्यक्ष ने किया स्वागत

साजा/नवप्रदेश। एक दिवसीय बेमेतरा जिले के प्रवास पर 16 जुलाई को पहुंचे राष्ट्रीय सचिव एवं छत्तीसगढ कांग्रेस सह प्रभारी चंदन यादव का साजा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संतोष वर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने साजा विधानसभा के ग्राम अगरी में गर्म जोशी से स्वागत किया गया। सर्वप्रथम साजा ब्लॉक के सभी कार्यकर्ता विश्राम गृह साजा में एकत्रित हुए एवं विश्राम गृह साजा से ब्लाक अध्यक्ष संतोष वर्मा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में गाड़ियों का काफिला ठेलका, थान खमरिया होते हुए अगरी के लिए प्रस्थान किए। जहां प्रदेश कांग्रेस सह प्रभारी चंदन यादव का साजा एवं थान खमरिया के कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से अभूतपूर्व स्वागत किया। ज्ञात हो कि चंदन यादव जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा द्वारा आयोजित महंगाई के खिलाफ एक दिवसीय सायकल रैली शामिल होने बेमेतरा प्रवास पर थे। सभी कांग्रेसियों ने चंदन यादव को साजा आने का न्योता दिया।

कन्हैया अग्रवाल बने क्रेडा के सदस्य समर्थकों ने की खुशी जाहिर

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री द्वारा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष के अनुमोदन के बाद कल छत्तीसगढ़ शासन के माटी कला बोर्ड, क्रेडा विभाग, योग आयोग सहित अन्य निगम मंडलों में अध्यक्ष सदस्यों की नियुक्ति की गई। जिसमे कवर्धा शहर के वरिष्ठ कांग्रेसी कन्हैया अग्रवाल को राज्य अक्षय ऊर्जा विकास प्राधिकरण का सदस्य नियुक्त किया गया है। श्री अग्रवाल की नियुक्ति से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है।श्री अग्रवाल में क्रेडा में नियुक्ति के लिए सोनिया गांधी, राहुल गांधी, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं कैबिनेट मंत्री व कवर्धा विधायक मो अकबर को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया है।

नगर पंचायत पिपरिया में पैदा हुए हम उस शक्स की बात कर रहे हैं,जो कम उम्र में ही कांग्रेस पार्टी से जुड़ कर अनेक पदों का निर्वहन किया। साथ ही कन्हैया अग्रवाल ने छात्र जीवन से ही राजनीतिक जीवन की शुरुआत की और इस राजनीतिक जीवन के कई उतार-चढ़ाव को भी उन्होंने करीब से देखा,यहां तक की उनके जीवन में भी कई कठिनाइयां भी सामने आई, फिर भी वह कांग्रेस पार्टी से पूरी निष्ठा के साथ जुड़े रहे, जिन्होंने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में जहाँ उपाध्यक्ष के रूप में कार्य किया, वहीं उनके कार्य को देखते हुए उन्हें ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का भी अध्यक्ष बनाया गया और यह दौर कुछ इस तरह चलता रहा और कई बड़े पद में रहकर अपने पद का निर्वहन किया।

कवर्धा जिला बनने के बाद कवर्धा कांग्रेस के प्रथम जिला अध्यक्ष बने वही इनकी कार्यशैली और पार्टी के प्रति निष्ठा को देखकर प्रदेश सचिव तक का पद इन्हें प्राप्त हुआ,वे बताते हैं कि ऐसे कई दौर थे, जहाँ कई राजनीतिक पार्टीया बन रही थी वही वे उस दौर में भी कांग्रेस के साथ पूरी निष्ठा से कार्य करते रहे, लेकिन कभी हार नहीं मानी, और पार्टी को मजबूती के साथ आगे बढ़ाते रहे,पिछले कुछ वर्षों की बात करें तो जिले बाघिन हत्याकांड आज तक कोई भुला नहीं पाया है,कांग्रेस पार्टी के लगभग 57 लोगों को जेल भी जाना पड़ा था।ये वो दौर था जब कांग्रेस पार्टी कवर्धा में आम लोगो की आवाज बुलंद करने वाले कार्यकर्ता कम थे।तब उन्होंने बैगा आदिवासियों की आवाज को बुलंद करते हुए यह मुद्दा उठाया था,छात्र जीवन में जहां कन्हैया अग्रवाल एनएसयूआई में भी पदाधिकारी रहे,वहीं सीनियर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष के पद में भी वे रह चुके है,उनकी सक्रियता को देखते हुए उन्हें ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष भी बनाया गया,इसके साथ ही सामाजिक क्षेत्र में भी जुड़ कर अनेक जनहित कार्य करते रहे,कोरोना काल के समय में जहां उन्होंने अपनी नातिन का जन्मदिन नहीं मनाते हुए 5 लाख की राशि कोरोना आपदा में दिए,वही अपने नाती के जन्मदिन पर भी उन्होंने 5 लाख की राशि दी थी,इसके साथ ही कई ऐसे सामाजिक क्षेत्र के कार्य हैं,जिनमें इनका सराहनीय योगदान रहा है, वर्तमान समय में भी यह हर क्षेत्र में जुड़ कर लोगों की यथासंभव मदद करने आगे आते ही रहते हैं।

राजनीति जगत में सबके चहेते अग्रवाल जी को सब चाचा जी कहकर बुलाते है, उनके क्रेडा में सदस्य बनने से सभी समर्थको में खुशी की लहर व्याप्त है।

कलेक्टर के आदेश के बाद भी पीडब्लूडी नहीं कटवा रहा पेड़

ब्राह्मण समाज में रोष

बेमेतरा/नवप्रदेश। सर्व ब्राह्मण समाज के उपप्रांताध्यक्ष लेखमणी पाण्डेय, जिलाध्यक्ष किशोर शर्मा, नगर युवा मंच अध्यक्ष शिवम तिवारी, महिला मंच जिलाध्यक्ष श्रीमती वर्षा गौतम ने जिला प्रशासन से नगर के परशुराम चौक जहां पर भगवान परशुराम की प्रतिमा लगाई जानी हैं, वहां पर सौंदर्यीकरण का भी कार्य होना है, वहां पर एक निलगिरी का वृक्ष आवासीय परिसर की ओर झुक रहा हैं।

इससे आवासीय परिसर को ज्यादा नुकसान हो सकता है, जिसे कटवानें के लिए सर्व ब्राह्मण समाज जिला बेमेतरा के द्वारा जिलाधीश बेमेतरा को आवेदन किया गया थाा, जिस पर जिलाधीश के कार्यालय से वृक्ष काटनें सम्बधि आदेश दो माह पहले स्थानीय लोक निर्माण विभाग को दिया गया है, किन्तु इस आदेश को उक्त विभाग द्वारा गम्भीरता से नहीं लिया गया। सर्व ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से सम्पर्क किया, तो वृक्ष काटनें के लिए मजदूर नहीं मिलनें का कारण बताया गया। सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा मजदूरों की व्यवस्था किया गया, इसके बाद भी उक्त विभाग द्वारा वृक्ष को नहीं कटवाया जा रहा हैं। ऐसा लगता है कि लोक निर्माण विभाग द्वारा किसी दबाव के चलते इस कार्य में अनावश्यक विलंब किया जा रहा हैं। जिलाधीश महोदय के आदेश को भी लोक निर्माण विभाग द्वारा गम्भीरता से नहीं लिया जाना दुर्भाग्यपूर्ण हैं। इससे सर्व ब्राह्मण समाज के लोगों में भारी रोष व्याप्त हैं।

छत्तीसगढ़ की जंगलों में है कुदरत की देन, बख्शी की किताब में जानिए इस कुदरती खजाने को

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के जंगलों को कुदरत ने हरेक संसाधनों से नवाजा है। यहां की वनस्पतियां शोध का केंद्र रहा है। आज हम बात करेंगे भूलन कांदा के बारे में यह ऐसा कांदा है जिसके पैर में पड़ते ही मनुष्य रास्ता ही भूल जाता है। इस कांदे की अनेक खासियत है जिसे आप भूलन कांदा वरिष्ठ लेखक संजीव बख्शी द्वारा लिखित उपन्यास में पढ़ सकते है। इस बुक में आप जंगलों की हसीन यात्रा में निकलेंगे जिसकी यादें रोमांचित करने वाली है।



भूलन कांदा छत्तीसगढ़ के जंगलों में पाया जाता है। ऐसा कहा जाता है कि इस पर पैर पड़ने से लोग भटक जाते हैं और जब तक कोई आकर छू ना ले वह भटके हुए होते हैं। इसी तरह से कुछ व्यवस्थाएं भी भटकी हुई हैं। कुछ न्याय व्यवस्था भी भटकी हुई है और विशेषकर गांव में जो बैठक कर फैसला करते हैं, उसमें भी भटकाव है। इन सब बातों को लेकर ही यह उपन्यास तैयार हुआ है। विष्णु खरे ने इस उपन्यास के बारे में कहा है कि यह नौशाद की संगीत की तरह है, जो जितना पुराना होगा उतना ही और लोगों में लोकप्रिय होगा। भूलन द मेज फिल्म संजीव बख्शी के जिस उपन्यास भूलन कांदा पर आधारित है। अब वो उपन्यास अंग्रेजी में भी उपलब्ध है और 15 अगस्त तक इसमें शिपिंग चार्ज की छूट है, इसका लाभ उठाइये और इस अद्भुत उपन्यास को जरूर पढ़िए।

वरिष्ठ लेखक संजीव बख्शी बताते है कि, भूलन कांदा के अंग्रेजी अनुवाद उमा राम के एस राम ने किया है। इसके बारे में एक और रोचक बात हुई कि इसके कवर बनाने के लिए मैंने प्रोफेसर संत कुमार श्रीवास्तव की एक पेंटिंग को मन ही मन चुन लिया था कि इसे ही कवर बनाना है, यह बस्तर हाट से संबंधित पेंटिंग थी और बहुत ही सुंदर थी, लेकिन श्रीवास्तव साहब से संपर्क करने पर पता लगा कि यह पेंटिंग काफी पहले अमेरिका के एक संस्कृति विश्व विद्यालय के पास है और उनसे कई वर्षों से संपर्क नहीं हुआ है, मेरे आग्रह पर उन्होंने उनका फोन नंबर ढूंढ निकाला और उनसे बात भी की, जिससे वहां से पेंटिंग की फोटो खींच कर उसे भेजने की व्यवस्था की गई और इस तरह यह कवर पृष्ठ बन गया। यह पेंटिंग अभी भी विश्व विद्यालय के हाल में शोभा बढ़ा रही है।

दो हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास एवं अर्थदंड

एकतरफा प्रेम में आरोपी ने दो महिला की कर दी हत्या

एक अन्य महिला की भी हत्या का किया था प्रयास

भाटापारा/नवप्रदेश। ग्राम बेमता निवासी आरोपी चमन साहू पिता सुंदर साहू को दो महिलाओं की हत्या करने एवं एक अन्य महिला की हत्या करने के प्रयास के आरोप में अपर सत्र न्यायाधीश भाटापारा शेख अशरफ ने आजीवन कठोर कारावास एवं आर्थिक दण्ड से दंडित किया।

अपर लोक अभियोजक भाटापारा न्याजी खान ने दिल दहला देने वाले इस प्रकरण के बारे मे बताया की संपूर्ण घटना थाना भाटापारा ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मोपका का है। एकतरफा प्रेम के चक्कर में घटना दिनांक 22-06-2019 को आरोपी चमन साहू सुबह 5.00 बजे ग्राम मोपका मे प्रार्थिया विश्वसा बाई वर्मा के मकान में जाकर छुपा था और सुबह बाड़ी तरफ उसकी शौतन मंजुमति वर्मा बाड़ी तरफगई तो उसके गले मे चाकू से वार कर गला रेत कर उसकी हत्या कर दिया तथा घर के भीतर आकर उसकी पुत्री मंजु वर्मा को मैं तुमसे प्यार करता हूँ तुम्हारे परिवार वाले इसकी शिकायत पुलिस मे कर दिये कहते हुए उसके भी गले मे चाकू से वार कर उसकी भी हत्या कर दिया तब प्रार्थिया विश्वासा बाई द्वारा हम सबको बचाओ बचाओ की आवाज सुनकर पड़ोसी लोग आये तब तक आरोपी विश्वासा बाई के गले मे भी चाकू मार कर उसे कमरे मे बंद कर दिया। और वहीं घर मे छिप गया। घर के सांकल को बंद कर दिया।

पड़ोसी लोग दरवाजा तोड़ कर भीतर आये तो मंजुमति और मंजु वर्मा की लाश देखा तथा कमरे मे बंद विश्वासा बाई को खून से लथपथ देखे तब पुलिस थाना मे निरीक्षक आर एस सिंह को फोन कर घटना की जानकारी दी गई। पुलिस के पहुँचने पर आरोपी जो छिपा हुआ था उसे पकड़ा गया और उसके मेमोरंडम पर चाकू जप्त किया गया। आहता का मुलाहिजा कराया गया। घटना स्थल का नक्शा बनाकर कपड़े, खून आलूदा मिट्टी जप्त किया गया। शव का पी एम कराया गया तथा सभी साक्षियों का बयान दर्ज किया गया।

आभार यह पद बालोद विधानसभा के लिए ही नहीं बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के लिए हाउसिंग बोर्ड के कार्यों में दखल होगा

गृह निर्माण मंडल में सदस्य बनाए जाने पर विधायक ने सीएम व प्रदेश अध्यक्ष का जताया आभार

रायपुर जाकर की सौजन्य मुलाकात

बालोद/नवप्रदेश। संजारी बालोद विधानसभा की विधायक संगीता सिन्हा को गृह निर्माण मंडल छत्तीसगढ़ में सदस्य बनाया गया है। इस नई जिम्मेदारी पर विधायक संगीता सिन्हा ने अपने समर्थकों सहित रायपुर पहुंचकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम का आभार जताया। दोनों से मुलाकात कर उन्होंने उन्हें मिठाई व गुलदस्ता भेंट किया व इस जिम्मेदारी पर खरा उतरने की बात कही। इस दौरान दौरान बालोद ब्लाक के कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी, युवा नेता सुमित राजपूत गुरुर, पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्णा दुबे, कमलेश श्रीवास्तव, तोषण साहू जनपद उपाध्यक्ष गुरुर भी मौजूद रहे।

विधायक संगीता को मिले इस नई जिम्मेदारी से कांग्रेसियों में हर्ष का माहौल है तो वही इसे एक बड़ी उपलब्धि बताया जा रहा है। क्योंकि बालोद जिले में लगातार कांग्रेसियों की जीत हो रही है। तीनों विधानसभा में कांग्रेसी काबिज है। जहां डौंडीलोहारा विधानसभा में ही विधायक अनिला भेड़िया महिला एवं बाल विकास विभाग की मंत्री बन गई हैं तो गुंडरदेही के विधायक कुंवर सिंह निषाद को भी पिछले साल संसदीय सचिव बनाया गया है। तो अब शेष रही संगीता सिन्हा को भी छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल में जगह देकर बालोद विधानसभा में भी उनका कद बढ़ा दिया गया है।

यह पद बालोद विधानसभा के लिए ही नहीं बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के लिए

अब हाउसिंग बोर्ड के कार्यों में संगीता सिन्हा का दखल होगा जो पूरे छत्तीसगढ़ स्तर की योजनाओं के लिए प्रयास करेंगे। उनकी नियुक्ति से छत्तीसगढ़ शासन में बालोद जिले का दबदबा कायम हो गया है। विधायक संगीता सिन्हा ने नियुक्ति पर कहा कि मंडल राज्य शासन की आवास नीतियों के क्रियान्वयन की मुख्य इकाई है। मंडल का ध्यान समाज के लिए आवास निर्माण के अंतर्गत विभिन्न सरकारी नीतियों के क्रियान्वयन पर केंद्रित होता है। आवास नीतियों के क्रियान्वयन की मुख्य इकाई में सिर्फ मुझे नहीं बल्कि बालोद विधानसभा क्षेत्र की जिम्मेदारी मिली है। इसका बखूबी से निर्वहन किया जाएगा।

क्या होता है गृह निर्माण मंडल

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल का उद्देश्य है कि बेघर ग्रामीण परिवारों को रियायती दरों पर और प्राथमिकता के आधार पर आश्रय प्रदान किया जाए। छत्तीसगढ़ के सभी नागरिकों और विशेष रूप से ग्रामीण गरीबों को अपने लिए किफायती आवास सुरक्षित करने में सहायता करना, राज्य में मजबूत आवास गतिविधियों के लिए कानूनी और प्रशासनिक बाधाओं को दूर करना, सार्वजनिक, निजी, स्वयं सहायता समूहों और स्थानीय संस्थाओं के बीच मजबूत भागीदारी को बढ़ावा देकर संसाधनों को जुटाना, सुरक्षित करना, उन क्षेत्रों में स्थित समाज और आर्थिक रूप से एकीकृत समुदायों की स्थापना के लिए एकीकृत विकास आवास विकास को बढ़ावा देना, जो स्वास्थ्य शैक्षिक एवं समाज सुविधाओं के रूप में आर्थिक अवसरों तक सुविधाजनक पहुंच की अनुमति देते हैं।

ज्ञात हो कि राज्य के 16 निगम मंडल और आयोग में सरकार ने नियुक्तियां की हैं। जिसमें बालोद से संगीता सिन्हा को मंडल का सदस्य बनाया गया है। इसके अलावा छत्तीसगढ़ में धरसीवा विधायक अनीता शर्मा को भी इसमें सदस्य बनाया गया है। इस मंडल में अध्यक्ष की कुर्सी पर पहले से ही विधायक कुलदीप जुनेजा की नियुक्ति हो चुकी है।

गढ़बो नवा छत्तीसगढ़
गढ़बो नवा कुम्हारी
श्री चैतन्य बघेल (बिट्टू भैया) जी को
18 जुलाई
जन्मदिन की
हार्दिक बधाई व शुभकामनाऐं...
मा. भूपेश बघेल जी
मुख्यमंत्री (छ.ग.) शासन
राजेश्वर सोनकर
अध्यक्ष - न.पा.प. कुम्हारी
के. रवि कुमार
उपाध्यक्ष न.पा.प. कुम्हारी
श्री मनहरण यादव
पार्षद वार्ड क्रं. 04
श्री धनेश पटेल
पार्षद वार्ड क्रं. 03
प्रमोद सिंह राजपुत
पार्षद वार्ड क्रं.08
मनीष बंछोर
नीतु रावते
पार्षद वार्ड कं. 11
श्रीमती जानकी ध्रुव
पार्षद वार्ड कं. 20
श्री युजेन्द्र साहू
पार्षद वार्ड कं. 16
श्री ओमनारायण वर्मा
पार्षद वार्ड कं. 14
श्रीमती शांति टंडन
पार्षद वार्ड कं. 01
श्री महेश सोनकर
पार्षद वार्ड कं. 02
श्रीमती लता खेरवार
पार्षद वार्ड कं. 07
सती यादव
पार्षद वार्ड कं. 12
श्रीमती ललिता किशोर सोनकर
पार्षद वार्ड कं. 13
श्रीमती कुमारी बाई निषाद
पार्षद वार्ड कं. 24
श्री राकेश कुर्रे
पार्षद वार्ड कं. 17
श्री प्रमोद चंद्राकर
पार्षद वार्ड कं. 21
अशोक साहू
ऐल्डरमेन
तिरथ पटेला
ऐल्डरमेन
विष्णु देवांगन
ऐल्डरमेन
ललित सिंह राजपूत
ऐल्डरमेन
छत्तीसगढ़ के चार चिन्हारी
नरवा, गरुवा, घुरवा, बारी
एला बचाना हे संगवारी
नरवा
गरूवा
घुरवा
बाड़ी
गोधन न्याय योजना
छत्तीसगढ़
गोधन न्याय योजना
स्वामी आत्मानंद
इंग्लिश मीडियम स्कूल
राजीव गांधी किसान न्याय योजना
छत्तीसगढ़
किसानों के कर्जा माफ,
बिजली बिल हाफ
किसान आय योजना
के तहत 2500 रुपए
प्रति क्विंटल धान की खरीदी